कोटद्वार, रविवार
14 सितम्बर 2025
वर्षः 47
अंकः 130 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### भूस्खलन से प्रभावित बाड़िया के ग्रामीणों ने लगाई सुरक्षा की गुहार

उत्तरकाशी। राना चट्टी और हनुमानचट्टी के बीच नेशनल हाईवे के उपर बसे बाड़िया गांव के नीचे से हो रहे भूधंसाव के कारण परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को यमुनोत्री यात्रा भ्रमण पर पहुंचे जिलाधिकारी प्रशांत आर्य से हनुमानचट्टी में मुलाकात की तथा डीएम के सामने बाड़िया गांव के नीचे से हो रहे भूस्खलन की समस्या रखी। भूस्खलन से परेशान बाड़िया गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि बाडिया गांव के नीचे से लागातार भूस्खलन हो रहा है। भूस्खलन से वर्ष 2013 में करीब डेढ़ दर्जन मकान भूस्खलन की चपेट में आये थे। लेकिन, ग्रामीणों को वर्ष 2013 से न तो उन्हें उसका प्रतिकर मिला है और ना ही भूस्खलन से खतरे की जद में आए मकान मालिकों को कहीं अन्य सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। और अब यहां गांव के नीचे से जा रहे हाईवे का चौड़ीकरण कार्य शुरू हो रहा है, ऐसे में गांव को और भी भूस्खलन का खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाय, जिससे कि प्रभावित परिवार कहीं अन्य सुरक्षित स्थान पर अपने मकान बना सकें। साथ ही कहा कि कहा कि अगर हाईवे चौड़ीकरण कार्य के दौरान गांव के ग्रामीणों के भवनों को कोई खतरा उत्पन्न हुआ तो जिला प्रशासन और विभाग जिम्मेदार होगा। इस दौरान पर डीएम प्रशांत आर्य ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर एनएच के अधिकारियों से बातचीत की और ग्रामीणों को उक्त समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर एनएच के अधिशासी अधिकारी मनोज रावत, एसडीएम बृजेश तिवारी सहित मोहन सिंह पंवार, राजेश पंवार, खुशपाल, बृजमोहन, बुद्धि सिंह, सुरेश, गोविंद, केदार सिंह, भजन सिंह, विजय सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### पत्नी के हत्यारोपी पति को जेल भेजा

उत्तरकाशी।भटवाड़ी ब्लॉक के बायणा गांव में गत शुक्रवार दोपहर को धारदार हथियार और डंडे से मार–मारकर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है। पुलिस की ओर से मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस बयाणा मनेरी निवासी सुनील ने कोतवाली मनेरी को सूचना दी कि उसका भाई विष्णु चौहान अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर भाग गया है। जिस पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जहां एक महिला वर्षा उम्र 28 वर्ष शौचालय में गम्भीर घायल अवस्था में पड़ी थी। पुलिस महिला को जिला अस्पताल उत्तरकाशी लाई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतका के पिता चत्तर सिंह पंवार की तहरीर पर पुलिस ने कोतवाली मनेरी में अभियुक्त विष्णु उम्र 32 वर्ष निवासी बायणा के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया। मामले को गंभीरता से लेते व अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल ने सीओ जनक सिंह पंवार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनेरी मनोज असवाल के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम गठित की। पुलिस ने देर रात्रि को ही आरोपी विष्णु चौहान को बयाणा गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### पूर्णागिरि क्षेत्र में बारिश ने की व्यवस्थाएं चौपट

चम्पावत। पूर्णागिरि क्षेत्र में बारिश से सभी व्यवस्थाएं चौपट हो गई है। जगह–जगह सड़क और पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पेयजल और बिजली व्यवसा भी बाधित हो गई है। ऐसे में नवरात्रि तक व्यवस्था ठीक करना प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। टनकपुर के पूर्णागिरि क्षेत्र में बीते दिन हुई बारिश ने सभी व्यवस्थाएं चौपट कर दी है। 11 सितंबर की रात हुई मूसलाधार बारिश से टनकपुर–पूर्णागिरि मार्ग जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। अब तक यहां बाटनागाड़ ही लोगों का इम्तिहान ले रहा था। लेकिन अब बारिश से ठुलीगाड़–भैरव मंदिर सड़क भी जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान हनुमानचट्टी के पास हुआ है। यहां करीब 30 मीटर रोड का आधा हिस्सा टूट गया है।

## मणिपुर के लोगों के जज्बे को सलाम,भारत सरकार आपके साथ है : पीएम मोदी



चुराचांदपुर , प्रधानमंत्री मोदी का चुराचांदपुर पहुंचने पर स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने शहर के स्थानीय लोगों से बातचीत भी की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। परियोजनाओं में 3,600 करोड़ रुपये से अधिक की मणिपुर शहरी सड़कें, जल निकासी और परिसंपत्ति प्रबंधन सुधार परियोजना शामिल हैं; 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की 5 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं; मणिपुर इन्फोटेक डेवलपमेंट (रूद्धहष्ठ) परियोजना, 9 स्थानों पर कामकाजी महिला छात्रावास सहित अन्य।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ...मणिपुर के नाम में ही मणि है, ये वो मणि है जो आने वाले समय में पूरे नॉर्थ–ईस्ट की चमक को बढ़ाने वाली है। भारत सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि मणिपुर को विकास के रास्ते पर तेजी से आगे ले जाएं। इसी कड़ी में मैं आज यहां आप सभी के बीच आया हूं। थोड़ी देर पहले इसी मंच से करीब 7 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास हुआ है। ये प्रोजेक्ट्स मणिपुर के लोगों की, यहां हिल्स पर रहने वाले ट्राइबल समाज की जिंदगी को और बेहतर बनाएंगे। ये भारत सरकार के उन प्रयासों का हिस्सा है... जिसमें संवाद, सम्मान और आपसी समझ को महत्व देते हुए शांति की स्थापना के लिए काम किया जा रहा है।मैं सभी संगठनों से अपील करूंगा कि शांति के रास्ते पर आगे बढ़कर अपने सपनों को पूरा करें।मैं आपके साथ हूं... भारत सरकार मणिपुर के लोगों के साथ है।

मोदी ने कहा, मणिपुर की धरती हौसलों और हिम्मत की धरती है...मैं मणिपुर के लोगों के जज्बे को सलाम करता हूं। आप सभी भारी बारिश के बावजूद यहां आए, मैं आपके इस प्यार के लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। भारी बारिश के कारण मेरा हेलीकॉप्टर नहीं आ पाया इसलिए मैंने सड़क मार्ग से आने का फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा हमारी सरकार के कार्यकाल में मणिपुर में रेल संपर्क का विस्तार किया जा रहा है। जिरीबाम–इंफाल रेलवे लाइन जल्द ही राजधानी इंफाल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। इस पर 22,000 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। 400 करोड़ रुपये की लागत से बना नया इंफाल हवाई अड्डा हवाई संपर्क को नई ऊंचाइयां दे रहा है। पीएम ने कहा "मणिपुर एक सीमावर्ती राज्य है और यहां कनेक्टिविटी हमेशा एक बड़ी चुनौती रही है. मैं अच्छी सड़कों की कमी के कारण आपको होने वाली कठिनाइयों को पूरी तरह से समझता हूं. इसीलिए, 2014 से मैंने मणिपुर की कनेक्टिविटी को लगातार बेहतर बनाने पर जोर दिया है और इसके लिए भारत सरकार ने दो स्तरों पर काम किया है. पहला, हम मणिपुर में सड़क और रेलवे पर बजट बढ़ाते हैं.

## गुलदार ने चार साल की बच्ची को बनाया निवाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुलदार लगातार मानव पर हमला कर रहा है। गुलदार अब तक कई लोगों को निवाला बना चुका है। बीती शुक्रवार रात को लगभग आठ बजे पोखड़ा विकासखंड के श्रीकोट गांव में गुलदार ने चार साल की बच्ची को निवाला बना दिया।

विकासखंड पोखड़ा के ग्राम श्रीकोट निवासी जितेंद्र सिंह की चार वर्षीय पुत्री रिया अपनी मां के साथ घर के छज्जे में खेल रही थी। क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश भंडारी ने बताया कि रात करीब आठ बजे अचानक रिया पर गुलदार ने हमला कर दिया और उसे अपने मुंह में दबा कर झाड़ियों की तरफ ले गया। स्वजन व ग्रामीण गुलदार के पीछे भागे तो गुलदार कुछ दूर मासूम को छोड़ भाग गया। ग्रामीण रिया के समीप पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## नौसेना को मिला साइलेंट 'किलर', उथले पानी में इस्तेमाल होगा स्वदेशी युद्धपोत




कोलकाता । देश के अग्रणी युद्धपोत निर्माता रक्षा पीएसयू गार्डनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड, कोलकाता रिकार्ड समय में एक के बाद एक अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोतों का निर्माण व आपूर्ति कर देश की समुद्री सुरक्षा में भारतीय नौसेना व तटरक्षक बल का हाथ लगातार मजबूत कर रहा है। इसी क्रम में जीआरएसई ने भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे उथले पानी में इस्तेमाल होने वाले आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों (एंटी–सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट) की श्रृंखला के दूसरे युद्धपोत 'आईएनएस एंड्रोथ' की शनिवार को आपूर्ति कर एक और उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है।

**18 जून को नौसेना में शामिल हुआ था आईएएनएस अर्नाला**

जीआरएसई द्वारा इस श्रृंखला के पहले युद्धपोत 'आईएनएस अर्नाला' की इस साल आठ मई को आपूर्ति की गई थी और 18 जून को वह नौसेना में शामिल हुआ था। इसके महज चार माह बाद ही दूसरे पोत की आपूर्ति कर दी गई है। जीआरएसई द्वारा एक बयान में इसकी इसकी जानकारी दी गई। भारतीय नौसेना की ओर से रियर एडमिरल रवनीश सेठ, सीएसओ (टेक), पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) द्वारा 'आइएनएस एंड्रोथ' को स्वीकार किया गया। अधिकारी ने बताया कि लक्षद्वीप द्वीपसमूह में स्थित एंड्रोथ द्वीप के नाम पर इस पोत का नाम रखा गया है। इस पोत में जीआरएसई द्वारा ही निर्मित एक स्वदेशी 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी) लगाई गई है। भारतीय नौसेना ने 16 एडवांस्ड एंटी–सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) के लिए आर्डर दिया था। जिसमें आठ पोत जीआरएसई द्वारा और आठ एक अन्य भारतीय शिपयार्ड द्वारा बनाया जाना है। इन आठ पोतों में से एंड्रोथ को लेकर जीआरएसई दो पोत नौसेना को सौंप चुका है।

**युद्धपोत की खासियत**

यह पोत तटीय इलाकों में गश्ती क्षमताओं को सुदृढ़ करेगा, जहां दुश्मन की पनडुब्बियों के छिपे होने की आशंका रहती है, जिसका यह आसानी से पता लगा लेगा। यह पोत 77.6 मीटर लंबा और 10.5 मीटर चौड़ा है। ये पोत तटीय जल क्षेत्रों में निगरानी के साथ खोज तथा हमला करने में भी सक्षम है।

## मुख्यमंत्री धामी ने किया दून अस्पताल का निरीक्षण

### मरीजों से सीधे संवाद कर जानी उनकी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार संध्या को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार की गुणवत्ता तथा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में उपचाररत विभिन्न मरीजों से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उन्हें अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सीय सुविधाओं के बारे में पूछा। मरीजों और उनके परिजनों से संवाद के माध्यम से मुख्यमंत्री ने चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को प्रत्यक्ष रूप से समझा तथा आवश्यक निर्देश भी दिए।

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद वेटिंग एरिया (प्रतीक्षालय) में तीमारदारों के लिए समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल के वेटिंग रूम का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को भी सुविधाजनक वातावरण मिले, इसके लिए पेयजल, पंखे एवं बैठने की पर्याप्त एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि तीमारदार अस्पताल की व्यवस्था का अहम हिस्सा होते हैं और उन्हें भी बेसिक सुविधाएं मिलनी चाहिए, जिससे वे मानसिक रूप से सहज रह सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में साफ–सफाई, नियमित सैनिटाइजेशन तथा रंग–रोगन की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से कराई जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल न केवल चिकित्सा का स्थान है, बल्कि यह मानसिक और शारीरिक रूप से रोगियों एवं उनके परिजनों को संबल देने का स्थान भी है, अतः इसकी स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं सुव्यवस्था अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि मरीजों के साथ–साथ उनके परिजनों की सुविधा और सम्मान भी राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकारी अस्पतालों में आमजन को बेहतर सेवाएं मिलें, इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर भी पहुंचे**

मुख्यमंत्री धामी ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर भी पहुंचे, जहाँ उन्होंने सेंटर में कार्यरत ऑपरेटर से सैंपल संग्रहण की प्रक्रिया, उनकी रिकॉर्डिंग तथा प्रयोगशाला में होने वाली टेस्टिंग संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सेंटर में उपयोग हो रही तकनीक एवं संसाधनों की कार्यकुशलता की सराहना की तथा इसकी निरंतर निगरानी के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन, चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ को निर्देश दिया कि मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## अब फिर से हाउस टैक्स की रसीद से भी हो सकेंगी रजिस्ट्री

काशीपुर। अब एक बार फिर हाउस टैक्स की रसीद से मकानों के रजिस्ट्री हो सकेंगी। लोगों की दिक्कतों को देखते हुए सीएम से वार्ता के बाद डीएम और एडीएम स्तर पर इसका समाधान निकाला गया है। वहीं नगर निगम में भी दो प्रतिशत दाखिल–खारिज शुल्क को समाप्त कर दिया है। अब एक हजार रुपये फाइल चार्ज और शपथपत्र देकर संपत्ति का दाखिल–खारिज नगर निगम में कराया जा सकेगा। शनिवार को मेयर दीपक बाली ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। शनिवार को रामनगर रोड स्थित कैंप कार्यालय में मेयर बाली ने बताया कि हाउस टैक्स की रसीद पर रजिस्ट्री बंद होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस मुद्दे पर चर्चा के बाद समाधान निकाला गया है। अब मंगलवार से रजिस्ट्री कार्यालय खुलते ही हाउस टैक्स की रसीद से रजिस्ट्रियां सुचारू रूप से शुरू हो जाएंगी। कहा कि नगर निगम में अब दाखिल–खारिज का काम जीरो प्रतिशत शुल्क पर होगा।

## यमुना, टौंस की उफनती लहरों से लोगों में दहशत



विकासनगर। लगातार हो रही बारिश से उफान पर आई यमुना और टौंस नदी की लहरें शांत होने का नाम नहीं ले रही हैं। पछुवादून में यमुना की लहरें तटवर्ती बस्तियों से टकरा रही हैं, जबकि टौंस भी चेतावनी के स्तर से ऊपर बह रही है। तटों को छूती लहरें अभी भी लोगों में दहशत का कारण बनी हुई हैं। नदियों के बढ़े हुए जल स्तर को देखते हुए प्रशासन ने तटवर्ती बस्तियों के लिए अलर्ट जारी किया है। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से हो रही रिकॉर्ड तोड़ बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। यमुना और टौंस की लहरों के उतार चढ़ाव को देखते हुए तटवर्ती बस्तियों के लोग अभी भी घबराए हुए हैं। लोगों की घबराहट का कारण दोनो नदियों के ऊपरी कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बारिश भी है। प्रशासन की ओर से लगातार सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए जा रहे हैं, लेकिन लोग फिलहाल अपने आशियाने छोड़कर जाने का तैयार नहीं हैं। लिहाजा प्रशासन ने भी बचाव के इंतजाम किए हुए हैं। हालांकि अभी यमुना का जल स्तर खतरे के निशान पर नहीं पहुंचा है, लेकिन टौंस का जल स्तर चेतावनी स्तर से 1.60 मीटर ऊपर पहुंच चुका है। हालांकि, अभी इससे अधिक खतरा नहीं है, लेकिन तटवर्ती क्षेत्र के हरिपुर, रूहाड़ा, व्यास नहरी, डुमेट बस्ती, ढकरानी गांव की निचली बस्ती, भीमवाला, बाड़वाला में यमुना किनारे की बस्ती में कई घर ऐसे हैं जो लहरों से कुछ ही दूर हैं। इन बस्तियों के बाशिंदों की इसी वजह से धड़कने बढ़ने लगी हैं।

## मुंबई हवाई अड्डे पर फर्जी पासपोर्ट के साथ नेपाली और बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार




मुंबई , छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। यहां दो विदेशी नागरिकों को फर्जी भारतीय पासपोर्ट के साथ पकड़ा गया। ये गिरफ्तारियां अवैध यात्रा के साथ–साथ एक बड़े फर्जी दस्तावेजों के रैकेट का पर्दाफाश करने वाली हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 336(2)(3), 340(2) और पासपोर्ट अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय नेपाली नागरिक कृष्णा मार्पण तमंग और 67 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक निरंजन नाथ सुबल चंद्रनाथ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों ने कोलकाता में नकली दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाए थे। इन फर्जी पासपोर्टों का इस्तेमाल करके उन्होंने कई विदेशी यात्राएं भी की हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि पासपोर्ट बनवाने के लिए फर्जी आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्रों का सहारा लिया गया था।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, घटना की जानकारी देते हुए सहार पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि निरंजन नाथ ओमान की राजधानी मस्कत से मुंबई लौट रहा था। इमीग्रेशन काउंटर पर उसके दस्तावेजों की सख्त जांच की गई। इसमें कई संदिग्ध बातें सामने आईं, जैसे पासपोर्ट की डिटेल्स में विसंगतियां और गलत जानकारी। पूछताछ के दौरान निरंजन ने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसने बताया कि पासपोर्ट फर्जी है और कोलकाता से ही बनवाया गया था।

दूसरी ओर, कृष्णा मार्पण तमंग विदेश जाने की तैयारी में था। चेक–इन काउंटर पर पहुंचते ही उसके दस्तावेजों की जांच हुई और फर्जीवाड़ा पकड़ में आ गया। वह भी कोलकाता से बने फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर रहा था। दोनों की गिरफ्तारी से पुलिस को शक है कि यह कोई अकेला मामला नहीं, बल्कि एक संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो विदेशी नागरिकों को भारतीय दस्तावेज मुहैया करा रहा है।

## सियासत की पिच पर भारत–पाक क्रिकेट मैच

नई दिल्ली ,भारत और पाकिस्तान एशिया कप के एक मुकाबले में आमने–सामने होंगे। मैच से पहले सियासत गरमा गई है। सियासत का केंद्र बिंदु है यह मैच और बार–बार सवाल उठाया जा रहा है आखिर पाकिस्तान से यह मैच क्यों खेला जा रहा है। क्रिकेट की भाषा में कहें तो सियासत की इस पिच पर विपक्ष बाउंसर फेंक रहा है और भाजपा को रक्षात्मक बैटिंग करनी पड़ रही है। दिल्ली के पूर्व सीएम एवं आप संयोजक अरविंद केजरीवाल सोशल मीडिया पर कहते हैं कि यह निर्णय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में तो नहीं लिया गया। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा, क्या ये भी ट्रम्प के दबाव में किया जा रहा है? आखिर ट्रम्प के आगे कितना झुकोगे? वहीं भाजपा सांसद अनुराग ने कहा कि जब एसीसी या आईसीसी द्वारा बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं, तो देशों के लिए उनमें भाग लेना एक मजबूरी और अनिवार्यता बन जाती है, अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो वे टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे.

## उत्तराखंड की 4792 ग्राम पंचायतों में फिर घुलेगी चुनावी गर्माहट

### अगले माह उपचुनाव कराने की तैयारी



देहरादून। हरिद्वार को छोड़ राज्य के शेष 12 जिलों में भले ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हो गए हों, लेकिन 4792 ग्राम पंचायतों में अब फिर से चुनावी गर्माहट घुलने जा रही है। इन ग्राम पंचायतों में चुनाव तो हुए, लेकिन ग्राम पंचायत सदस्य के पद रिक्त रहने से पंचायत का गठन नहीं हो पाया है।

ऐसे में वहां के निर्वाचित ग्राम प्रधान शपथ भी नहीं ले पाए हैं और वे एक प्रकार से खाली बैठे हैं। इस बीच रिक्त पदों पर उपचुनाव के लिए कसरत हुई, लेकिन आपदा और पितृपक्ष के चलते अब अगले माह उपचुनाव कराने की तैयारी है। पंचायत के गठन के लिए दो–तिहाई सदस्यों का होना आवश्यक है। 12 जिलों की 7499 ग्राम पंचायतों, 89 क्षेत्र पंचायतों और 12 जिला पंचायतों के लिए हाल में चुनाव संपन्न हुए थे। पंचायत के तीनों स्तरों पर निर्वाचित प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण के साथ ही पहली बैठकें भी हो चुकी हैं।

**अगले माह उपचुनाव कराने की है तैयारी**

क्षेत्र व जिला पंचायतों में तो इसे लेकर कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन असल समस्या ग्राम पंचायतों को लेकर बनी है। दरअसल, ग्राम पंचायतों में 27 अगस्त को हुए शपथ ग्रहण में केवल 2707 ग्राम पंचायतों में ही पंचायत गठित हो पाईं। शेष 4792 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सदस्यों के 33468 पद रिक्त चल रहे हैं। इनमें से 4772 में प्रधान निर्वाचित हैं, जबकि 20 ग्राम पंचायतों में प्रधान पद रिक्त हैं। ऐसे में ग्राम पंचायतों में विकास प्रभावित होने के दृष्टिगत शीघ्रता से रिक्त पदों के लिए उपचुनाव कराने पर जोर दिया गया।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार की ओर से शासन को जिलेवार रिक्त पदों का ब्योरा शीघ्र उपलब्ध कराने के संबंध में पत्र भेजा जा चुका है। शासन ने भी सभी जिलों से रिक्त पदों की जानकारी जुटाई। पूर्व में तय किया गया कि 20 सितंबर तक उपचुनाव करा लिए जाएंगे, लेकिन आपदा के चलते इसकी स्थिति नहीं बन पाई।

## हिमाचल में मौसम का कहर जारी, बिलासपुर में बादल फटने से तबाही, मलबे में दबीं कई गाड़ियां



बिलासपुर , हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। शनिवार सुबह बिलासपुर जिले की उप तहसील नम्होल के गांव गुतराहन में बादल फटने की घटना सामने आई, जिससे क्षेत्र में भारी तबाही हुई। इससे 10 से ज्यादा गाड़ियां मलबे में दब गई। भारी बारिश के बाद जगह जगह लैंडस्लाइड से कई किसानों की जमीन भी बह गई है। वहीं, मंडी जिला के धर्मपुर के सपड़ी रोह गांव में भी सुबह चार बजे पहाड़ी से बड़ा लैंडस्लाइड हो गया। इससे कई घरों को खतरा पैदा हो गया है। इसके बाद, प्रशासन ने 8 घरों को खाली करवा दिया गया है।

वहीं, भरमौर–पठानकोट नेशनल हाईवे पर तुन्नूहट्टी, लाहड़ और मैहला के पास शुक्रवार रात भारी बारिश के बाद भूस्खलन हुआ। इससे सड़क पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोग वाहनों में ही रात बिताने को मजबूर हुए। एनएच मंडल के अधिशासी अभियंता मीत शर्मा ने बताया कि पेड़ गिरने और मलबा आने के कारण सड़क बंद हो गई थी, जिसे बहाल करने का कार्य जारी है। राज्य में जगह–जगह हो रहे भूस्खलन के कारण सैकड़ों सड़कें बंद हैं। कई इलाकों में बिजली ट्रांसफार्मर और जल आपूर्ति योजनाएं भी ठप पड़ी हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश के कई हिस्सों में 19 सितंबर तक बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 13 और 14 सितंबर के लिए कुछ स्थानों पर भारी बारिश और अंधड़ चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार सुबह से ही राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में रुक–रुक कर बारिश हो रही है।

## पाकिस्तान में टीटीपी का बड़ा आतंकी हमला, घात लगाकर 12 सैनिकों को किया ढेर

पेशावर ,पाकिस्तान का अशांत उत्तर–पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत शनिवार तड़के एक बड़े आतंकी हमले से दहल उठा। यहां के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में पाकिस्तानी तालिबान के आतंकियों ने सेना के एक काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया, जिसमें कम से कम 12 सैनिकों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा अधिकारियों ने समाचार एजेंसी एएफपी से हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि यह घटना सुबह लगभग 4 बजे हुई, जब सेना का काफिला इलाके से गुजर रहा था। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने बताया, आतंकियों ने काफिले पर भारी हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग की।

## दारू सस्ती और दवा महंगी, तो भारत कैसे बनेगा विश्व गुरु – धीरेंद्र शास्त्री



गयाजी ,बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शनिवार को गयाजी पहुंचे। वह दिल्ली से विमान द्वारा गया हवाई अड्डे पर उतरे, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। एयरपोर्ट से उन्हें सीधे बोधगया स्थित संबोधि रिसॉर्ट ले जाया गया। यहां वे कई दिनों तक प्रवास करेंगे और यहीं से पिंडदान व तर्पण जैसे कर्मकांड संपन्न करेंगे। इससे पहले, गया एयरपोर्ट पर से बात करते हुए पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि गया नगरी भगवान बुद्ध और भगवान विष्णु दोनों की तपोभूमि है। सनातन धर्म में गयाजी का विशेष महत्व है, खासकर पितृ कर्म के लिए। उन्होंने कहा, हर साल की तरह इस साल भी मैं अपने पितरों के श्राद्ध हेतु गया जी आया हूं। धीरेंद्र शास्त्री ने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का संदेश भी दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही अघोषित रूप से हिंदू राष्ट्र है और अब इसे घोषित रूप से हिंदू राष्ट्र होना चाहिए। उन्होंने बताया कि 7 नवंबर से 16 नवंबर तक वृंदावन से दिल्ली तक पैदल यात्रा आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य इस संदेश को जन–जन तक पहुंचाना है।

# खाने में लाल मिर्च का करते हैं इस्तेमाल? जानिए इससे मिलने वाले 5 फायदे

लाल मिर्च का उपयोग खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसमें मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट्स और अन्य गुण शरीर को कई फायदे पहुंचाते हैं। इस वजह से इसे खाने में शामिल करना लाभदायक हो सकता है। आइए आज हम आपको लाल मिर्च के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताते हैं।

**वजन घटाने में है सहायक**

लाल मिर्च में कैप्साइसिन नामक एक खास तत्व मौजूद होता है, जो शरीर की ऊर्जा खपत को बढ़ाने में मदद करता है। यह तत्व शरीर में गर्मी पैदा करता है, जिससे कैलोरी जलने की प्रक्रिया तेज होती है। इसके अतिरिक्त कैप्साइसिन भूख को कम करता है, जिससे आप कम खाते हैं और वजन नियंत्रित कर सकते हैं। इसलिए लाल मिर्च का सेवन वजन घटाने में सहायक हो सकता है।

**दिल की सेहत के लिए है फायदेमंद**

लाल मिर्च का सेवन दिल के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट्स खून के बहाव को बेहतर बनाते हैं और खून की नलियों को स्वस्थ रखते हैं। इसके अलावा यह खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में भी मदद कर सकती है। यह दिल को स्वस्थ रखने के लिए एक अच्छा विकल्प है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में है मददगार**

लाल मिर्च में विटामिन–सी की मात्रा अधिक होती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकती है। यह विटामिन शरीर की सुरक्षा को बेहतर बनाता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। इसके अलावा लाल मिर्च में मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट गुण शरीर के तनाव को कम करने में भी मदद कर सकते हैं। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए एक अच्छा उपाय हो सकता

**पाचन के लिए है फायदेमंद**

लाल मिर्च पाचन के लिए भी लाभकारी है। इसमें कैप्साइसिन नामक एक खास तत्व होता है, जो पाचन में मदद करता है। साथ ही यह कब्ज, गैस और सूजन जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में सहायक है। इसके अतिरिक्त लाल मिर्च में मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट और सूजन कम करने वाले गुण पाचन को स्वस्थ रखते हैं। यह पाचन के लिए एक अच्छा विकल्प है।

**रक्तचाप को नियंत्रित करने में है सहायक**

लाल मिर्च का सेवन रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी मददगार साबित हो सकता है। इसमें मौजूद कैप्साइसिन शरीर में रक्तचाप को नियंत्रित करने वाले तत्वों को सक्रिय करता है। इसके अलावा इसमें एंटी–ऑक्सीडेंट्स और सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो रक्तचाप को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, अगर आपको पहले से ही निम्न रक्तचाप की समस्या है तो इसका सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

# योग करते समय बेहतरीन दिखने के लिए आजमाएं ये 5 स्टाइलिश हेयरस्टाइल

योग न केवल शरीर के लिए बल्कि मन के लिए भी फायदेमंद है। जब आप योग करते हैं तो आपके बालों का स्टाइल भी अहम होता है। सही हेयरस्टाइल न केवल आपको आरामदायक महसूस कराता है, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे हेयरस्टाइल्स के बारे में बताते हैं, जो योग करते समय आपके लुक को और भी ज्यादा खास बना सकते हैं और आपको स्टाइलिश दिखाएंगे।

**क्लासिक हाई बन**

क्लासिक हाई बन एक ऐसा हेयरस्टाइल है, जो आपके बालों को पूरी तरह से बांध देता है और आपको आरामदायक महसूस कराता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अपने बालों को ऊपर की ओर खींचें और एक पोनीटेल बनाएं, फिर उसे गोल–गोल घुमाते हुए बन बनाएं और हेयरपिन से फिक्स कर लें। यह स्टाइल न केवल आपके बालों को व्यवस्थित रखता है, बल्कि आपको एक साफ–सुथरा लुक भी देता है।

**ब्रेडेड पोनीटेल**

ब्रेडेड पोनीटेल एक प्यारा और स्टाइलिश हेयरस्टाइल है, जो आपके बालों को सुरक्षित रखते हुए आपको एक खास लुक देता है। इसके लिए सबसे पहले अपने बालों को एक पोनीटेल बनाकर बांध लें, फिर उसमें छोटी–छोटी चोटी बनाकर बांध लें। यह स्टाइल आपके बालों को खुला नहीं छोड़ता, जिससे वे न उलझते हैं और न ही किसी तरह की परेशानी होती है। इसके अलावा यह आपके लुक को भी खास बनाता है।

**लो ट्विस्टेड बन**

लो ट्विस्टेड बन एक सरल लेकिन आकर्षक हेयरस्टाइल है, जो आपके बालों को नीचे की ओर मोड़कर बनाया जाता है। इसके लिए सबसे पहले अपने बालों को पीछे की ओर खींचकर नीचे की ओर मोड़ें, फिर इसे बांध लें। इसके बाद बालों को हल्का–सा मोड़ते हुए ऊपर की ओर घुमाकर बन बनाएं और हेयरपिन से फिक्स कर लें। यह स्टाइल आपके बालों को व्यवस्थित रखता है और आपको एक साफ–सुथरा लुक भी देता है।

# सड़क और हवाई संपर्क

**अश्विनी वैष्णव**

कई दशकों तक, पूर्वोत्तर को विकास की बाट जोहते एक सुदूर सीमांत क्षेत्र माना जाता था। पूर्वोत्तर राज्यों में रहने वाले हमारे भाई–बहन प्रगति की आकांक्षाएँ तो रखते थे, लेकिन वे जिस बुनियादी ढाँचे और अवसरों के हक़दार थे, वे उनकी पहुँच से दूर ही रहे।

यह सब तब बदल गया जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक्ट ईस्ट नीति की शुरुआत की। एक सुदूर सीमांत क्षेत्र से, पूर्वोत्तर अब एक अग्रणी क्षेत्र के रूप में पहचाना जाने लगा है।

**शांति, प्रगति और समृद्धि**

यह परिवर्तन रेलवे, सड़कों, हवाई अड्डों और डिजिटल कनेक्टिविटी में रिकॉर्ड निवेश के माध्यम से संभव हुआ है। शांति समझौते स्थिरता ला रहे हैं। लोग सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। आज़ादी के बाद पहली बार, पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत की विकास गाथा के केंद्र में देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए, रेलवे में निवेश पर विचार करें। इस क्षेत्र के लिए रेल बजट आवंटन 2009–14 की तुलना में पाँच गुना बढ़ा है। अकेले इस वित्तीय वर्ष में 10,440 करोड़ आवंटित किए गए हैं। 2014 से 2025 तक कुल बजटीय आवंटन 62,477 करोड़ है। आज, 77,000 करोड़ मूल्य की रेलवे परियोजनाएँ चल रही हैं। इससे पहले पूर्वोत्तर में निवेश का इतना रिकॉर्ड स्तर कभी नहीं देखा गया।

**मिज़ोरम का पहला**

मिज़ोरम इस विकास गाथा का हिस्सा है। यह राज्य अपनी समृद्ध संस्कृति, खेलप्रेम और खूबसूरत पहाड़ियों के लिए जाना जाता है। फिर भी, दशकों तक यह संपर्क की मुख्यधारा से दूर रहा।

सड़क और हवाई संपर्क सीमित था। रेलवे इसकी राजधानी तक नहीं पहुँच पाया था। आकांक्षाएँ तो जीवित थीं, लेकिन विकास की धमनियाँ गायब थीं। अब ऐसा नहीं है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कल बैराबी–सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन मिज़ोरम के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित, यह 51 किलोमीटर लंबी परियोजना पहली बार आइज़ोल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री सैरंग से दिल्ली (राजधानी एक्सप्रेस), कोलकाता (मिज़ोरम एक्सप्रेस) और गुवाहाटी (आइज़ोल इंटरसिटी) के लिए तीन नई ट्रेन सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

यह रेलवे लाइन दुर्गम इलाकों से होकर गुजरती है। रेलवे इंजीनियरों ने मिज़ोरम को जोड़ने के लिए 143 पुल और 45 सुरंगें बनाई हैं। इनमें से एक पुल कुतुब मीनार से भी ऊँचा है। दरअसल, इस भूभाग पर, अन्य सभी हिमालयी रेलमार्गों की तरह, रेलवे लाइन व्यावहारिक रूप से एक पुल, उसके बाद एक सुरंग और फिर एक पुल के रूप में बनाई जाती है।

**हिमालयी सुरंग निर्माण विधि**

उत्तर पूर्वी हिमालय युवा पर्वत हैं, जिनके बड़े हिस्से में मुलायम मिट्टी और जैविक पदार्थ हैं। इन परिस्थितियों में सुरंगों और पुलों का निर्माण असाधारण



चुनौतियों से भरा था। पारंपरिक तरीके इसलिए विफल हो जाते हैं क्योंकि ढीली मिट्टी निर्माण की चुनौतियों का सामना नहीं कर पाती।

इससे निपटने के लिए, हमारे इंजीनियरों ने एक नया और सरल तरीका विकसित किया, जिसे अब हिमालयन टनलिंग विधि के रूप में जाना जाता है। इस तकनीक में, सुरंग बनाने और निर्माण कार्य के लिए पहले मिट्टी को स्थिर किया जाता है और फिर उसे ठोस बनाया जाता है। इससे हम इस क्षेत्र की सबसे कठिन परियोजनाओं में से एक को पूरा करने में सक्षम हुए। एक और बड़ी चुनौती भूकंपीय गतिविधि से ग्रस्त क्षेत्र में ऊँचाई पर पुलों की स्थिरता सुनिश्चित करना था। यहाँ भी, पुलों को लचीला और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष डिज़ाइन और उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया गया।

यह घरेलू नवाचार दुनिया भर के समान भूभागों के लिए एक आदर्श है। इसे संभव बनाने के लिए हज़ारों इंजीनियर, कर्मचारी और स्थानीय समुदाय एक साथ आए। जब भारत निर्माण करने का निर्णय लेता है, तो वह समझदारी से निर्माण करता है!!

**क्षेत्र को लाभ**

रेलवे को विकास का इंजन माना जाता है। यह नए बाज़ारों को करीब लाता है और व्यापार के अवसर पैदा करता है। मिज़ोरम के लोगों के लिए, नई रेलवे लाइन उनके जीवन स्तर में सुधार लाएगी।

मिज़ोरम में राजधानी एक्सप्रेस की शुरुआत से, आइज़ोल और दिल्ली क्षेत्र के बीच यात्रा का समय 8 घंटे कम हो जाएगा। नई एक्सप्रेस ट्रेनें आइज़ोल, कोलकाता और गुवाहाटी के बीच यात्रा को भी तेज़ और आसान बना देंगी।

किसान, खासकर बांस की खेती और बागवानी में लगे किसान, अपनी उपज को तेज़ी से और कम लागत पर बड़े बाज़ारों तक पहुँचा सकेंगे।

खाद्यान्न और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं का परिवहन आसान हो जाएगा। मिज़ोरम की प्राकृतिक सुंदरता के और अधिक सुलभ होने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय व्यवसायों और युवाओं के लिए अवसर पैदा होंगे।

यह परियोजना लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोज़गार तक बेहतर पहुँच भी लाएगी। मिज़ोरम के लिए, यह कनेक्टिविटी इन सभी और उससे भी अधिक का वादा करती है। अब से, आइज़ोल दूर नहीं लगेगा।

**देश भर में विकास**

देश भर में रेलवे में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिल रहा है। हाल ही में 100 से ज़्यादा अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन किया गया, और 1200 और स्टेशनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ये स्टेशन यात्रियों को आधुनिक सुविधाएँ प्रदान करेंगे और शहरों को विकास के नए केंद्र बनाएंगे। 150 से ज़्यादा हाई–स्पीड वंदे भारत ट्रेनें यात्री सुविधा के नए मानक स्थापित कर रही हैं। साथ ही, लगभग पूरे नेटवर्क का विद्युतीकरण इसे और भी हरित बना रहा है। 2014 से अब तक 35,000 किलोमीटर पटरियाँ बिछाई जा चुकी हैं। यह पिछले छह दशकों में हुई कुल उपलब्धि से भी ज़्यादा है। पिछले वर्ष ही 3,200 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गईं। विकास और परिवर्तन की यह गति पूर्वोत्तर में भी दिखाई दे रही है।

**पूर्वोत्तर के लिए विजन**

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे लिए, पूर्व का अर्थ है – सशक्त बनाना, कार्य करना, सुदृढ़ बनाना और परिवर्तन लाना। ये शब्द उत्तर पूर्व के प्रति उनके दृष्टिकोण का सार प्रस्तुत करते हैं।

विभिन्न मोर्चों पर निर्णायक कार्रवाई ने इस क्षेत्र में परिवर्तन सुनिश्चित किया है। असम में टाटा की सेमीकंडक्टर सुविधा, अरुणाचल प्रदेश में टाटा जैसी जल विद्युत परियोजनाएँ और बोगीबील रेल–सह–सड़क पुल जैसी प्रतिष्ठित अवसंरचना जैसी बड़ी परियोजनाएँ इस क्षेत्र को नया आकार दे रही हैं। इसके साथ ही, गुवाहाटी में एम्स और 10 नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना ने स्वास्थ्य सेवा और कनेक्टिविटी को मज़बूत किया है।

**सीमांत से अग्रणी**

दशकों से, मिज़ोरम के लोगों को सड़कों, स्कूलों और रेलवे के लिए इंतज़ार करने को कहा जाता रहा। वह इंतज़ार अब खत्म हो गया है। ये परियोजनाएँ हमारे प्रधानमंत्री के उत्तर पूर्व के प्रति दृष्टिकोण का प्रमाण हैं, अर्थात जिसे कभी सीमांत माना जाता था, अब भारत के विकास में अग्रणी माना जाता है।

# भाजपा का गुजारा नीतीश बगैर नहीं

**हरिशंकर व्यास**

बिहार में भाजपा कहे या न कहे विधानसभा चुनाव में एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार ही है। भाजपा का गुजारा उनके बगैर नहीं है। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले ही भाजपा को लग गया था नीतीश के बगैर गुजारा नहीं होगा तो राजद के साथ उनका गठबंधन खत्म करा कर उनको फिर से एनडीए का मुख्यमंत्री बनाया गया। जब लोकसभा चुनाव में भाजपा को उनकी इतनी जरुरत थी तो समझा जा सकता है कि विधानसभा चुनाव में कितनी जरुरत होगी। इसलिए एक तरफ से अघोषित रूप से ही सही लेकिन नीतीश कुमार का चेहरा होगा। उनके नाम, काम और हाल के दिनों में की गई लोक लुभावन घोषणाओं के दम पर एनडीए चुनाव लड़ेगा।

लेकिन सवाल है कि दूसरी ओर से कौन लड़ेगा क्या जिस तरह लोकसभा चुनाव में विपक्ष सामूहिक नेतृत्व में लड़ा, कोई चेहरा घोषित नहीं किया और भाजपा को कई राज्यों में नुकसान पहुंचा दिया वैसे ही बिहार का विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी हो रही है यह सवाल इसलिए है क्योंकि राष्ट्रीय जनता दल और लालू प्रसाद के तमाम प्रयासों के बावजूद कांग्रेस की ओर से तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा नहीं हो रही है। तेजस्वी यादव ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान एक जनसभा में राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील कर दी फिर भी राहुल ने उनको मुख्यमंत्री बनाने की अपील नहीं की। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों ने तेजस्वी के नाम की घोषणा पर सीधा सवाल पूछा तब भी राहुल गांधी उसे टाल गए। कहा जा रहा है कि इससे राजद के नेता इतने नाराज हुए कि उन्होंने कांग्रेस से कह दिया कि एक सितंबर को पटना के गांधी मैदान में कांग्रेस खुद रैली कर ले। बाद में यह रैली रद्द हो गई। कहा





**लोकसभा चुनाव में भाजपा को उनकी इतनी जरुरत थी तो समझा जा सकता है कि विधानसभा चुनाव में कितनी जरुरत होगी। इसलिए एक तरफ से अघोषित रूप से ही सही लेकिन नीतीश कुमार का चेहरा होगा। उनके नाम, काम और हाल के दिनों में की गई लोक लुभावन घोषणाओं के दम पर एनडीए चुनाव लड़ेगा। लेकिन सवाल है कि दूसरी ओर से कौन लड़ेगा क्या जिस तरह लोकसभा चुनाव में विपक्ष सामूहिक नेतृत्व में लड़ा, कोई चेहरा घोषित नहीं किया और भाजपा को कई राज्यों में नुकसान पहुंचा दिया वैसे ही बिहार का विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी हो रही है यह सवाल इसलिए है क्योंकि राष्ट्रीय जनता दल और लालू प्रसाद के तमाम प्रयासों के बावजूद कांग्रेस की ओर से तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा नहीं हो रही है।**

जा रहा है कि महागठबंधन के अंदर सीट बंटवारा नहीं हो रहा है और इस वजह से मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा भी नहीं हो रही है।लेकिन इसके अलावा कुछ राजनीतिक कारण भी हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा इसलिए नहीं कर रहा है क्योंकि कांग्रेस के रणनीतिकार और चुनाव सर्वे करने वाली टीम का मानना है कि अगर चुनाव नीतीश कुमार बनाम तेजस्वी यादव का हुआ तो अपने आप एनडीए को एडवांटेज हो जाएगा। उनका कहना है कि तेजस्वी के नाम की घोषणा से विपक्षी गठबंधन को नुकसान होगा। दूसरी बात यह कही जा रही है कि तेजस्वी के नाम की घोषणा से विपक्ष को भ्रष्टाचार का मुद्दा बनाने में आसानी हो जाएगी। ध्यान रहे जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के कथित घोटाले में तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया गया है। हालांकि 2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान हुए इस कथित घोटाले के समय तेजस्वी नाबालिग थे। फिर भी वे आरोपी हैं। इस मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोप तय हो गया है और सुनवाई शुरू हो गई है। अगर तेजस्वी सीएम का चेहरा बनाए जाते हैं तो फिर उस कथित घोटाले का मुद्दा जोर शोर से उठाया जाएगा और दावा किया जा रहा है कि सजा पाने की कगार पर खड़े एक नेता को विपक्ष ने मुख्यमंत्री पद का दावेदार बनाया है।तीसरी बात यह है कही जा रही है कि नीतीश के मुकाबले तेजस्वी का चेहरा आने पर परिवारवाद का मुद्दा बनेगा। एनडीए की ओर से राहुल गांधी और तेजस्वी का चेहरा दिखा कर हमला किया जाएगा। लेकिन इससे ज्यादा चिंता इस बात की है कि तेजस्वी के नाम की घोषणा से गैर यादव पिछड़ी जातियों को एनडीए के पीछे एक जुट करने में आसानी हो जाएगी। फिर 2005 से पहले के कथित जंगल राज की याद दिला कर सवर्णों को भी साथ लेना बहुत आसान हो जाएगा। एक समस्या यह भी बताई जा रही है महागठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी के नेता मुकेश सहनी अपने को उप मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किए बैठे हैं। अगर तेजस्वी के नाम की घोषणा होती है तो मुकेश सहनी का नाम भी घोषित करना होगा और तब यह सवाल उठेगा कि मुकेश सहनी से कई गुना ज्यादा बड़ी पार्टी कांग्रेस का उप मुख्यमंत्री क्यों नहीं घोषित हो रहा है दलित प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का नाम घोषित करने की मांग उठेगी। इस तरह से पूरा मामला बहुत जटिल हो जाएगा और जातियों का संतुलन भी नहीं सधेगा। अगर यादव, मल्लाह और दलित का नाम घोषित हुआ तो एनडीए से कुशवाहा और सवर्ण वोट तोड़ने का अब तक हो रहा प्रयास विफल हो जाएगा।

# बैड्स आफ बालीवुड का नया गाना तेनु की पता जारी

आर्यन खान निर्देशित फिल्म द बैड्स आफ बालीवुड का तीसरा गाना तेनु की पता रिलीज हो गया है. आर्यन खान ने ना सिर्फ से प्रोजेक्ट से डायरेक्शन और राइटर के सेक्टर में डेब्यू किया है, बल्कि सिंगिंद में भी डेब्यू किया है. जी हां, शाहरुख खान ने डायरेक्शन के साथ–साथ सिंगिंग की भी दुनिया में कदम रख दिया है.

दिल को छू लेने वाले तू पहली तू आखिरी और बदली सी हवा है के बाद, एल्बम का तीसरा ट्रैक आ गया है. द बैड्स आफ बालीवुड के मेकर्स ने

तीसरा गाना तेनु की पता रिलीज किया. इसे सोशल मीडिया पर साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, इरादा? क्लियर है. वाइब क्लियर है. तेनु की पता आउट. 18 सितंबर को द बैड्स आफ बालीवुड देखें सिर्फ नेटफ्लिक्स पर. इस गाने में मशहूर रैपर बादशाह दिखाई देते हैं और मनोज पाहवा के साथ उनका





मुकाबला होता है. तेनु की पता वाला यह जबरदस्त ट्रैक जोश और ऊर्जा से भरपूर है. इस गाने में बोल्ड बीट्स, लय और बेबाकता को महसूस किया जा सकता है. यह गाना लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देगा. पंजाबी लय और आधुनिक प्रोडक्शन का मिश्रण इस गाने को बोल्ड और अप्रत्याशित बनाता है, जिससे यह एल्बम दर्शकों के लिए नयापन महसूस कराता है. यह गाना एक खास सरप्राइज के साथ आया है. इस गाने के साथ आर्यन खान सिंगिंग में डेब्यू कर रहे हैं और इस गाने के कुछ चुनिंदा हिस्सों को अपनी आवाज दे रहे हैं. उज्ज्वल गुप्ता ने इस गाने को कंपोज, अरेंज और प्रोड्यूज किया है. इस गाने में दिलजीत दोसांझ, उज्ज्वल गुप्ता और आर्यन खान ने अपनी आवाज दी है.

## आरसीबी प्लेयर के तूफान में उड़ा दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड ने दर्ज की अपनी सबसे बड़ी जीत

नईदिल्ली, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है. पहले मैच में डकवर्थ लुईस नियम की वजह से मेजबान इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था. लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने रिकॉर्ड जीत दर्ज करके सबको हैरान कर दिया. शनिवार, 13 सितंबर को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए दूसरे मैच में इंग्लैंड ने 20 ओवर में 2 विकेट पर ही 304 रन बना दिए. जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 16.1 ओवर में 158 रन पर ही ढेर हो गई. जिसकी वजह से इंग्लैंड ने 146 रन से रिकॉर्ड जीत दर्ज की. ये टी20आई में रनों के लिहाज से उनकी अब तक का सबसे बड़ी जीत है. इससे पहले 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 137 रनों की जीत उनकी सबसे बड़ी जीत थी. इसके अलावा यह रनों के लिहाज से दक्षिण अफ्रीका की सबसे बड़ी हार भी है, जो 2024 में जोहान्सबर्ग में भारत के खिलाफ 135 रनों की हार को पीछे छोड़ देगी. हैरी ब्रुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 300 रनों का आंकड़ा पार करने वाली दुनिया की तीसरी और किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली टीम बन गई.

# सात्विक—चिराग ने हांगकांग ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह

## —मलेशियाई जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हराया

हांगकांग,1 भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी नेहांगकांग ओपन 2025 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है. इन दोनों खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल मैच में शानदार खेल दिखाया और 3 गेम तक चले मुकाबले को 2 गेम जीतकर अपने नाम कर लिया.

सात्विक और चिराग की टक्कर क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की जोड़ी से हुई थी. इस मैच को जीतकर भारतीय जोड़ी ने अंतिम चार में एंट्री कर ली है. अब भारतीय जोड़ी फाइनल में जगह बनाने के लिए सेमीफाइनल गेम जीतना चाहेगी.



जहां इस जोड़ी का सामना चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग–वेई से होगा. भारतीय जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम 21–14 से जीता था. इसके बाद दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी कमतर नजर आई और दूसरा गेम 20–22 से हार गई. इसके बाद भारतीय जोड़ी को टूर्नामेंट में अपना सफर जारी रखने के लिए तीसरा गेम हर हाल में जीतना था. ऐसे में सात्विक–चिराग ने निर्णायक गेम में वापसी की और 21–16 से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली. इससे पहले पुरुष युगल प्री–क्वार्टर फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को एक घंटे तीन मिनट में 18–21, 21–15, 21–11 से हराया था. इसके बाद भारतीय जोड़ी को क्वार्टर फाइनल का टिकट मिला था. आज हांगकांग ओपन 2025 टूर्नामेंट के मेंस सिंगल्स का क्वार्टर फाइनल मुकाबला शाम 4 बजे खेला जाएगा.

# अनुराग कश्यप की निशांची का ट्रेलर जारी



अनुराग कश्यप की नई फिल्म निशांची का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो काफी जबरदस्त है। यह एक प्योर देसी मसाला फिल्म है, जो दर्शकों को सीट से बांधे रखेगी। निशांची में एक्शन, ड्रामा, रोमांस और कामेडी के साथ मां का प्यार और पूरी फिल्मी दुनिया का मजा भी है। इस फिल्म से ऐश्वर्य ठाकरे डेब्यू कर रहे हैं और वह डबल रोल में नजर आएंगे।

फिल्म निशांची का ट्रेलर दर्शकों को 2000 के दशक की शुरुआत में, सीधे उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर की चहल–पहल भरी गलियों में ले जाता है। वहां बबलू निशांची, रंगीली रिंकू और डबलू की जिंदगियां अचानक और अनोखे तरीके से टकराती हैं। सीन ऐसे हैं कि सीट से उठने नहीं देंगे। जबरदस्त एक्शन और चेजिंग सीक्वेंस और सीटीमार डायलाग से लबरेज निशांची जोरदार टकराव, प्यार और तड़प के नाजुक पलों के साथ एक ऐसी दुनिया रचता है, जो जितनी अव्यवस्थित है उतनी ही आकर्षक भी। निशांची के ट्रेलर में रोमांच, कामेडी और देसी अंदाज के साथ–साथ विद्रोह, रोमांस और रायवलरी भी है।

निशांची की कहानी दो जुड़वा भाइयों– बबलू और डबलू, की रोमांचक जिंदगी पर आधारित है।

## जान अब्राहम और शरवरी वाघए की वेदा ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

जान अब्राहम की फिल्म वेदा 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन बाक्स आफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। 60 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म वेदा ने दुनियाभर में केवल 30 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सिनेमाघरों में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद अब वेदा ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे दी है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। जी स्टूडियो ने वेदा का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, वेद और अभिमन्यु न्याय, स्वतंत्रता और समानता के लिए लड़ने के लिए तैयार हैं। वेदा के निर्देशन की कमान निखिल आडवाणी ने संभाली है। फिल्म की कहानी असीम अरोड़ा ने लिखी है। मोनिशा अडवाणी और मधु भोजवानी इसके निर्माता हैं। इस फिल्म में जान के साथ शरवरी वाघ नजर आई थीं।

# एशिया कप 2025 : भारत बनाम पाकिस्तान मैच का प्रीव्यू और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

नईदिल्ली, एशिया कप 2025 के छठे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना रविवार (14 सितंबर) को पाकिस्तान क्रिकेट टीम से होगा। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में यूएई क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराया था। इसी तरह आघा सलमान की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम ने ओमान के खिलाफ 93 रनों से जीत दर्ज की है। ऐसे में दोनों टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। इस बीच मुकाबले के प्रीव्यू और महत्वपूर्ण बातों पर एक नजर डालते हैं। एशिया कप के वनडे और टी–20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच 18 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 10 में भारत और 6 में पाकिस्तान ने जीत दर्ज की है। 2 मैच अनिर्णित रहे हैं। टी–20 प्रारूप में दोनों टीमें 3 बार आमने–सामने हुईं, जिसमें 2 में भारत और 1 में पाकिस्तान



को जीत मिली है। टी–20 अंतराष्ट्रीय में दोनों टीमें 13 बार भिड़ी हैं, जिसमें से 9 में भारत और 3 में पाकिस्तान को जीत मिली है। भारतीय टीम को शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी से शानदार शुरुआत की उम्मीद रहेगी। विकेटकीपर के रूप में संजू सैमसन को फिर से मध्यक्रम में मौका मिल सकता है। जसप्रीत बुमराह पर फिर से गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की जिम्मेदारी होगी। भारत की संभावित एकादशः शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह। पाकिस्तान को साहिबजादा फरहान और सैम अयूब की सलामी जोड़ी से बेहतर शुरुआत की उम्मीद होगी। ओमान के खिलाफ अयूब खाता नहीं खोल पाए थे। वहीं, फखर जमान और कप्तान सलमान बल्लेबाजी क्रम को मजबूती देंगे। गेंदबाजी में शाहीन अफरीदी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। अबरार अहमद पर स्पिन गेंदबाजी का दारोमदार होगा। संभावित टीमः साहिबजादा, सैम अयूब, फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम और अबरार अहमद।

# लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण की मांग, किया प्रदर्शन

## क्षेत्रीय लोगों ने शासन-प्रशासन से की जल्द मार्ग निर्माण की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : क्षेत्रीय लोगों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल्द लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण की मांग उठाई। कहा कि लगातार आश्वासन के बाद भी अब तक मोटर मार्ग का निर्माण नहीं हो पाया है। यदि जल्द मार्ग निर्माण की सुध नहीं ली गई तो लोग आंदोलन को मजबूर होंगे।

शनिवार को पूर्व सैनिकों सहित अन्य सामाजिक संगठनों व स्थानीय लोगों ने चिल्लरखाल के समीप प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि हर चुनाव में आश्वासन के बाद भी अब तक मोटर मार्ग निर्माण की सुध नहीं ली गई है। जबकि, क्षेत्रीय जनता दशकों से लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण की मांग उठा रही है। लेकिन, अब तक इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया। बताया कि यदि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का निर्माण होता है तो इससे क्षेत्र का बेहतर विकास होगा। साथ ही गढ़वाल के लोगों को राजधानी देहरादून व हरिद्वार जाने के लिए भी एक सुलभ सड़क मिलेगी। कहा कि मार्ग निर्माण के बाद सिस्टम पर कोटद्वार शहर का व्यापार भी रफ्तार पड़ेगा। कहीं न कहीं मार्ग निर्माण से कोटद्वार के युवाओं के लिए स्वरोजगार के भी दरवाजे खुलेंगे। इस मौके पर प्रवीन थापा, पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत, मयंक कोठारी, आरपी पंत, सुनीता देवी, रीना देवी आदि मौजूद रहे।



लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते लोग

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को दी बेहतर करियर की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंसेज पौड़ी की ओर से पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में करियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

गढ़वाल इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्रबंध निदेशक कविंद्र ईष्टवाल ने इंस्टीट्यूट की ओर से चलाए जा रहे बैचलर आफ फीजियोथेरेपी, बेचलर आफ आप्टोमेट्री, बेचलर इन आपरेशन सहित अन्य पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। कहा कि उत्तराखंड में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि व बागवानी के क्षेत्र में कैरियर बनाने और रोजगार प्राप्त करने की अधिक संभावना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अधिकांश छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के सम्मुख आगे की पढ़ाई को लेकर चिंता रहती है। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के काउंसलर वीरेंद्र सिंह रावत, शिक्षक कैलाश रावत, संजय कुमार, प्रकाश कैंथोला, नीरज कुमार रमोला, मनवर सिंह चौहान, विजेता, विश्वजीत सिंह, गौरव चौहान, अरविंद सिंह, रितेश सिंह आदि मौजूद रहे।



अयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लॉक स्तरीय छः समितियों का किया गठन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी की अध्यक्षता में बीडीसी सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तराखंड पंचायत अधिनियम के तहत ब्लॉक स्तरीय 6 समितियों का गठन किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में नियोजन एवं विकास समिति व प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष पद के लिए, ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी का चुनाव किया गया। शिक्षा समिति के अध्यक्ष पद के लिए कनिष्ठ प्रमुख नीरज पटवाल, स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष पद के लिए, सदस्य अजित सिंह, निर्माण कार्य समिति के अध्यक्ष पद के लिए ज्येष्ठ प्रमुख अर्चना तोपाल, जल प्रबंधन एवं जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए ममता देवी का चयन किया गया। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि इन सभी समितियों के पदेन सचिव खंड विकास अधिकारी सौरभ हांडा होंगे। ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी ने कहा कि समितियों के गठन का उद्देश्य क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक रूप से कार्य करना है। बताया कि वर्तमान में पानी की किल्लत, सड़क की बदहाल स्थिति और जंगली जानवरों के आतंक को लेकर प्राथमिकता के साथ काम किया जाएगा।

### सुरक्षा कर्मी सहयोगी और मार्गदर्शक भूमिका निभाएं : डॉ. सयाना

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने बेस चिकित्सालय में तैनात सुरक्षा कर्मियों को मरीजों और तीमारदारों के लिए सहयोगी और मार्गदर्शक की भूमिका में रहने की अपील की। कहा कि अस्पताल में दूर-दराज से आने वाले हर मरीज को सही दिशा दिखाना और उनकी मदद करना ही सुरक्षा कर्मियों की असली जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान डॉ. सयाना ने कहा कि बेस अस्पताल की सुरक्षा का दायित्व उन पूर्व सैनिकों पर है, जिन्होंने भारतीय सेना में रहकर देश सेवा की है। प्राचार्य ने सुरक्षा कर्मियों को मरीजों को अस्पताल की सुविधाओं की जानकारी देने, वाहनों व एम्बुलेंस को सही स्थान पर पार्क कराने, ड्यूटी एरिया में लगातार विजिट करते रहने और वार्डों में डॉक्टरों के राउंड के समय अनावश्यक भीड़ को रोकने के निर्देश दिए। डॉ. सयाना ने कहा कि भीड़भाड़ से मरीजों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी संक्रमण का खतरा रहता है, इसलिए संवाद शैली को बेहतर बनाते हुए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। प्राचार्य ने बताया कि बेस अस्पताल में इस समय दो सुपरवाइजर के साथ 44 सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। शीघ्र ही अन्य सुरक्षा कर्मी भी जुड़ेंगे। कहा कि सुरक्षा कर्मियों समेत अन्य कर्मचारियों को सीपीआर और जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही फायर सेफ्टी और सुरक्षा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल भी कराई जाएगी, ताकि सभी कर्मी हमेशा अलर्ट मोड में रह सकें और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।

### लंबी कूद में अनुराग और सिद्धार्थ ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : ल्वाली संकुल की क्रीड़ा प्रतियोगिताएं डडुआदेवी मैदान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में संकुल के 20 स्कूलों के 80 बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा दिखाई। संकुल प्रभारी सम्पूर्णानंद जुयाल ने बताया कि अब संकुल स्तर पर विजेता छात्र ब्लाक स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें।

शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता के 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में अयांश और साक्षी ने बाजी मारी। जबकि सब जूनियर वर्ग में आर्यन रावत व दिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अनुराग और सिद्धार्थ ने बाजी मारी। कबड्डी प्राथमिक वर्ग में प्राइमरी स्कूल ल्वाली विजेता रही। इस मौके अमिता नौडियाल, बिलेश्वर पटवाल, अनुराधा जुगरान, अनीता शाह, कमल रावत, प्रवीन सिंह, शिवानी नौटियाल, सत्यप्रकाश सुयाल आदि मौजूद रहे।


### घरेलू गैस की आपूर्ति न होने से लोग परेशान

चमोली : पुनगांव, भटक्वाली, मालई, जखेट व बिसौंणा क्षेत्र में रसोई गैस सिलिंडर की आपूर्ति न होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने इंडेन गैस एजेंसी सिमली से जल्द घरेलू सिलिंडर भेजने की मांग उठाई है। मालई ग्राम सभा के प्रधान विनोद मालई, जयवीर सिंह प्रधान भटक्वाली, विनोद सिंह प्रधान पुनगांव, बच्चन सिंह प्रधान जखेट, दलबीर सिंह प्रधान बिसौणा व क्षेत्र के सभी प्रतिनिधियों ने कहा कि दो माह से उनके गांवों में गैस की आपूर्ति नहीं की गई। एसे में लोगों को खाना बनाने में परेशानी हो रही है।

# स्यूंसाल गांव में गुलदार ने गाय को बनाया निवाला

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : थलीसैंण ब्लॉक के स्यूंसाल गांव में गुलदार की दहशत जारी है। गुलदार ने शनिवार को दिन दहाड़े एक गर्भवती गाय को निवाला बना दिया। घटना दिन में करीब साढ़े तीन बजे की है। इससे पूर्व भी अगस्त माह में गुलदार ने एक बछ- और जुलाई माह में दो बकरियों को निवाला बनाया था।

जानकारी के अनुसार धन सिंह बिष्ट अपने पशुओं को गांव के पास मैल्या सेरा में चुगा रहे थे। इसी दौरान गुलदार ने उनकी गर्भवती गाय पर अचानक हमला कर मार दिया। थोड़ी दूरी पर बैठे धन सिंह ने शोर मचाकर गुलदार को भगाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक गाय की मौत हो चुकी थी। घटना स्थल गांव में निर्माणाधीन रोड के पास है। आधा घंटे पहले ही वहां से स्कूली बच्चे गुजरे थे। ऐसे में बच्चों के अभिभावक भी इस घटना से दहशत में है। वन पंचायत सरपंच ने तुरंत वन विभाग के कर्मियों को घटना की सूचना दे दी है। उन्होंने बताया कि धन सिंह बिष्ट मजदूरी और दूध बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। अपनी जीविका चलाता है। गर्भवती गाय की मौत से उनको आर्थिक नुकसान हुआ है। पशुओं पर गुलदार के बढ़ते हमलों और नुकसान से ग्रामीण चिंतित हैं। उनके अनुसार इससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है और उनमें पशुपालन का रुझान कम होता जा रहा है।



# पुलिस ने साइबर ठगों से वापस दिलवाई रकम

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : पुलिस की कोटद्वार साइबर सेल ने दो पीड़ितों से ऑनलाईन ठगी की 1,67,000 रूपये की धनराशि को उनके बैंक खातों में वापस लौटाने में सफलता प्राप्त की है। रकम मिलने पर पीड़ितों से साइबर पुलिस का आभार व्यक्त किया है। शनिवार को साइबर सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी प्रमोद सिंह पंवार ने कुछ दिन पहले शिकायत दर्ज कराई की व्यक्ति द्वारा उन्हें काल कर उनका क्रैडिट कार्ड बन्द करने का झांसा देकर उनसे कुल 72000 रुपये की ऑनलाइन ठगी करने व स्थानीय निवासी ऋषि कुमार द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाईन जॉब दिलाने का झांसा देने के नाम पर उनसे 95,000 रुपये की ऑनलाईन ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर साइबर सेल टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित पैमेन्ट गेटवे व बैंक के नोडल अधिकारी से पत्राचार कर उक्त दोनों साइबर पीड़ितों के खाते से ठगी हुई संपूर्ण धनराशि को पीड़ितों के खातों में वापस लौटाने में सफलता प्राप्त की। इस पर पीड़ितों ने साइबर सेल का आभार व्यक्त किया।

# देवी मंदिर समिति ने प्रशासन के खिलाफ दिया धरना

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : देवी मंदिर की संपत्ति सील किए जाने के विरोध में शनिवार को मंदिर समिति ने तहसील परिसर में प्रशासन के खिलाफ धरना दिया। कहा कि धार्मिक स्थलों के साथ इस तरह की कार्रवाई किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समिति ने संपत्ति को सील करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग उठाई।

शनिवार को समिति के सदस्य तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए। यहां उन्होंने मंदिर की संपत्ति को सीज किए जाने के विरोध में नारेबाजी की। समिति के अध्यक्ष राजाराम अण्थ्वाल ने कहा कि समिति से निष्कासित एक सदस्य लगातार समिति के सदस्यों के साथ अभद्रता कर रहा है।

साथ ही उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी जा रही है। कुछ दिन पूर्व समिति ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर भी दी। लेकिन, अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन ने शुक्रवार को मंदिर की संपत्ति को ही सीज कर दिया। कहा कि धार्मिक स्थलों पर इस तरह की कार्रवाई ठीक नहीं है। इससे धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची है। इस मौके पर समिति के सचिव विजय ध्यानी, डा. शक्तिशैल कपरवाण, सत्यप्रकाश भारद्वाज, अजीत सिंह, मोहन सिंह रावत, हेमवती नंदन मंमगाई, जगदीपक रावत, भारत मोहन काला, आशीष रावत, अरविंद गुसांई आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे सदस्य

# राप्रावि गौलीखेत की छात्रा सोनाली दौड़ी सबसे तेज

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय इंटर कालेज सेंधीखाल के मैदान में संकुल केंद्र बरस्वार की संकुल स्तरीय शरद कालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संकुल के नौ प्राथमिक व दो जूनियर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संकुल समन्वयक चंद्रमोहन सिंह रावत की देख रेख में संपन्न प्रतियोगिता के अंतर्गत प्राथमिक वर्ग की 100, 200 व 400 मीटर में राप्रावि गौलीखेत की सोनाक्षी ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस प्रदर्शन पर सोनाक्षी को प्रतियोगिता का चैंपियन घोषित किया गया। 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में दीपांशु राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोलीखेत के दीपांशु प्रथम एवं बालिका वर्ग में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बांसी की उर्वशी प्रथम रही। लंबी कूद प्राथमिक वर्ग बालक वर्ग में राजकीय प्राथमिक विद्यालय नेग्याना के साहिल प्रथम रहे। उच्च प्राथमिक स्तर की 100 मीटर बालक वर्ग में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बांसी के ध्रुव एवं बालिका वर्ग में इसी विद्यालय की अनीशा प्रथम स्थान पर रही। उच्च प्राथमिक स्तर की 400 मीटर दौड़ में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तूनीखाल के सुशील प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन दीवान सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह रावत, आशीष मधवाल, सुधीर बिष्ट, रेखा रावत, रवीन्द्र रावत, उर्मिला गुसाईं, सीमा थपलियाल, बबीता बिष्ट, योजना मेंदोला, अंजू कुकरेती, मनोज कुमार, सुनील पटवाल सहित अन्य संकुलों के शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहे।





आयोजित प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि व अन्य

# स्मार्ट मीटर का विरोध, 15 से धरने की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लगातार शिकायत के बाद भी शहर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में विभिन्न संगठन 15 सितंबर को धरना प्रदर्शन करेंगे।

इस संबंध में लोगों ने उपजिलाधिकारी को भी ज्ञापन दिया। पार्षद रीता देवी, मोहित कुमार, सतीश, चंद्रशेखर ने कहा कि वर्तमान में विद्युत उपखंड के माध्यम से क्षेत्र में पुराने मीटरों को उखाड़ कर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इन स्मार्ट मीटरों में खपत से ज्यादा बिल आ रहा हैं, जिससे गरीब व मलिन बस्तियों के लोगों को बिजली का बिल देने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का आग्रह किया।

# मुख्य फार्मेसी अधिकारी से ठगे 2.87 लाख, एसएसपी से लगाई गुहार

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिले में साइबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। हालांकि पुलिस लगातार लोगों को साइबर ठगी को लेकर जागरूक कर रही है। साइबर ठगों ने आयुर्वेदिक विभाग के तहत जिला अस्पताल में आयुष विंग में तैनात मुख्य फार्मेसी अधिकारी से ठगी की है। साइबर ठगों ने उनको झांसे में लेते हुए उनके खाते से करीब 2 लाख 87 हजार की ठगी कर ली। उन्होंने एसएसपी पौड़ी को ज्ञापन देकर जल्द ही उनकी धनराशि वापस देने की गुहार लगाई है।

मुख्य फार्मेसी अधिकारी दिनेश प्रसाद थपलियाल ने एसएसपी को ज्ञापन देकर उनकी धनराशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में दिए गए ज्ञापन में बताया कि 24 अगस्त को एक अनजान नंबर से उनको यूनो ऐप डाउनलोड करवाया गया। बताया कि 27 अगस्त को उनके खाते से ठग ने 98 हजार की धनराशि निकाल दी। जिस पर उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज करवाते हुए यूपीआई नंबर बंद करवाया। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने इसके कुछ दिनों बाद नया सिम खरीदते हुए उस पर यूपीआई चालू करवाया। बताया कि बीती 11 सितंबर को ठग ने एक बार फिर उनके खाते से 95 हजार निकाल दिए गए। जिसकी उनको जानकारी नहीं मिल पाई। इसके बाद ठग ने 12 सितंबर को पहले 90 हजार व 4 हजार की धनराशि उनके खाते से निकाल लिए। बताया कि ठग ने उनसे 2 लाख 87 की धनराशि ठगी है। पीड़ित ने बताया कि वह इस दौरान देहरादून में एक अस्पताल में अपना उपचार भी करवा रहे थे। कहा कि उनके साथ ठगी होने से वह मानसिक व आर्थिक रूप से काफी परेशान हो गए हैं। वहीं, एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि मामले में संबंधित थाना प्रभारी को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाषा भाव और विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम : थलेड़ी





श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी कोटद्वार की शिक्षिका श्रीमती मीना थलेड़ी।

पंकज पसबोला।

कोटद्वार : हिंदी भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। देश के कई राज्यों में लोग इसका प्रयोग करते हैं। आम बोलचाल के लिए भी हिंदी सबसे ज्यादा प्रयोग की जाती है। ऐसे में हिंदी के महत्व को लोगों तक पहुंचाने और इसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रयोग को प्रोत्साहन देना है। हिंदी, भाषा के रूप में कितनी समृद्ध है लोगों में इस बात की जागरूकता फैलाना भी इसका उद्देश्य है। भाषा भावों और विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम होती है और इसमें हिन्दी भाषा भी एक सशक्त माध्यम है। भाषा के माध्यम से हम अपने विचारों, भावनाओं, सूचनाओं और ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाते हैं और उनके साथ संबंध स्थापित करते हैं। हिन्दी के मौखिक और लिखित रूप, जैसे बोलना और लिखना, अभिव्यक्ति के मुख्य साधन हैं, जो हमें अपने आंतरिक विचारों को साझा करने में मदद करते हैं।

श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी की शिक्षिका श्रीमती मीना थलेड़ी का कहना है कि भाषा भाव और विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम है। राष्ट्रभाषा को बढ़ावा देने के लिए एवं उसके प्रचार-प्रसार के लिए विश्व हिंदी सम्मेलन में चिंतन मनन किया जाता है। 14 सितंबर 1949 के दिन संविधान सभा ने हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया था। हिंदी भारत की मातृभाषा है, जिसे हम गर्व से स्वीकारते हैं कि हम हिंदी भाषी हैं अनेकता में एकता का स्वर हिंदी भाषा के माध्यम से गूंजता है। उन्होंने कहा कि जीवन में भाषा का सबसे अधिक महत्व है। हिंदी भाषा दुनिया में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह भाषा अत्यंत सरल एवं स्पष्ट है। कहा कि मातृभाषा ज्ञान के बिना सर्वांगीण विकास की कल्पना करना अधूरी है। मातृभाषा देश की धरोहर है, जिस तरह हम तिरंगे को सम्मान देते हैं वैसे ही भाषा भी सम्माननीय है। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्य संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक है। श्रीमती थलेड़ी ने कहा कि भाषा व्यक्ति को जोड़ती है व्यक्ति के जोड़ने से परिवार बनता है, परिवार के जोड़ने से समाज बनता है, समाज से गांव, गांव से शहर, शहरों से महानगर और महानगरों से देश, इस प्रकार देश के विकास में इस जुड़ाव का होना आवश्यक है। खास तौर पर यह जुड़ाव भाषा के माध्यम से ही मजबूत हो सकता है।

## हिंदी भाषा के प्रति हमें अपनी मानसिकता को बदलना होगा

श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी की शिक्षिका श्रीमती मीना थलेड़ी ने कहा कि यह मतभेद भाषा का मतभेद है अंग्रेजी आज की जरूरत है, लेकिन क्या जरूरत के लिए नींव को छोड़ा जा सकता है। अगर हिंदी को इस तरह से पृथक कर दिया जाएगा तो गांव और शहरों में बढ़ता मतभेद और भी गहरा हो जाएगा, जो कि देश के विकास में एक बड़ी बाधा है। हिंदी भाषा के प्रति हमें अपनी मानसिकता को बदलना होगा। व्यावसायिक स्पर्धा के युग में कंपनियों एवं प्रतिष्ठानों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए हिंदी भाषा को अपनाना चाहिए। हिंदी जनसंपर्क की भाषा है, सभी जगह हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए, जिससे हमारी संस्कृति भी विकसित होगी। कहा कि हिन्दी मात्र भाषा ही नहीं है, बल्कि हमारी सभ्यता व संस्कृति की भी पहचान है।

# स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : डा. बीजीआर परिसर पौड़ी में छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने स्वच्छता पखवाड़े के कार्यक्रमों के तहत परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में परिसर और अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी की भावना पैदा करना था। यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा।परिसर निदेशक प्रो. यूसी गैरोला ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वच्छता रखने और इस कार्य में सहयोग देना बहुत बड़ी सेवा है। इसमें बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कहा कि इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों और छात्र-छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर एससी गैरोला ने आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा की जानकारी दी। सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. गौतम कुमार आदि ने आयोजन में सहयोग दिया।

# वृद्धा कुमाली देवी की मदद को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बढ़ाया हाथ

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम गुंड की वृद्ध 85 साल की निराश्रित श्रीमती कुमाली देवी की मदद के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने हाथ बढ़ाया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कुमाली देवी को खाद्यान्न सामग्री एवं नगद धनराशि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने दी है।

ज्ञात हो कि कुमाली देवी बहुत वृद्ध निराश्रित है। उन्हें सरकार से कोई भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलता है। कुछ समाजिक एवं राजनीतिक से वास्ता रखने वाले लोगों ने कुमाली देवी की मदद की थी, फिर सब भूल गए। लेकिन कुछ समय से आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री यूनियन की अध्यक्ष श्रीमती आराधना कुकरेती एवं सुनीता बिष्ट ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मदद वृद्धा कुमाली देवी के भरण पोषण की जिम्मेदारी ली है। ग्राम पंचायत प्रधान श्रीमती ऋतु बिष्ट ने समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आभार व्यक्त करते हुए अन्य सम्पन्न लोगों से भी कुमाली देवी की मदद की अपील की। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति कुमाली देवी की टूटी झोपड़ी की मरम्मत करना चाहता है वह उनसे संपर्क कर सकता है।



# छात्रों को बताया एआई का महत्व

श्रीनगर गढ़वाल : शैमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल श्रीनगर में शनिवार को सीबीएसई की ओर से यूज ऑफ एआई इन क्लास रूम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पौड़ी जिले के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। सीबीएसई प्रशिक्षक शशिभूषण व प्रत्युष पंवार ने वर्तमान समय में एआई के महत्व व आवश्यकता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि टीचिंग में मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग का उपयोग करते हुए शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जा सकता है। इस दौरान विभिन्न एआई टूलस का प्रयोग प्रभावी तरीके से कार्यशाला में सिखाया गया। इस मौके पर प्रधानाचाया शशिकला सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। (एजेंसी)


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए सिंगल पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद और शाहजहाँपुर के बीच में उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, मुरादाबाद के कार्यालय, अधीनस्थ कार्यालय, अधिकारियों के विश्राम गृह और कर्मचारी आवासों की मरम्मत/रखरखाव हेतु विविध प्रकार के सिविल कार्य के सम्बन्ध में |
| 2. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रू. 81.64 लाख |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानत राशि | रू. 1,63,300.00 |
| 5. | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी | ई निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 12.09.2025 से दिनांक 04.10.2025 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना की बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6. | अन्तिम तिथि/ई–निविदा अपलोड करने की तिथि | 04.10.2025 को 11:30 बजे तक। ई–निविदा दिनांक 20.09.2025 से 04.10.2025 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। |
| 7. | ई–निविदा खुलने की तिथि व समय | 04.10.2025 को 11:30 बजे तक ई–टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। |

निविदा सूचना सं०– 1–डब्लू– टेण्डर–290A–उप मु० अमि० नि० मुरादाबाद

दिनांक– 12.09.2025 2806/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# वन विभाग ने श्रीकोट गांव में लगाए पिंजरे, ट्रेंक्युलाइज की टीम तैनात



## गुलदार को नरभक्षी घोषित करने की मांग

पौड़ी : विकासखंड पोखड़ा के श्रीकोट गांव में शुक्रवार की रात को 4 साल की मासूम को गुलदार द्वारा निवाला बनाए जाने की घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि पिछले लंबे समय से यहां गुलदार की गतिविधियां देखी जा रही थी, लेकिन वन विभाग ने समय पर कोई कार्रवाई नहीं की। घटना से आक्रोशित लोगों ने जल्द ही गुलदार को नरभक्षी घोषित कर मारने या पकड़ने की मांग की है। कहा कि जल्द ही समस्या से निजात नहीं दिलाए जाने पर ग्रामीण विवश होकर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पोखड़ा ब्लॉक के श्रीकोट गांव में शुक्रवार रात को गुलदार के हमले में चार वर्षीय बच्ची की मौत की दर्दनाक घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में तीन पिंजरे लगा दिये हैं और ट्रेंक्युलाइज टीम को भी तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा, ड्रोन की मदद से गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। प्रभारी डीएफओ गढ़वाल जीवन मोहन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आश्वासन दिया कि वन विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो।

शुक्रवार को गांव में खेल रही चार वर्षीय बच्ची रिया पर गुलदार ने अचानक हमला कर दिया और उसे घसीटकर जंगल की ओर ले गया। ग्रामीणों ने काफी तलाश के बाद बच्ची का शव घर से थोड़ी ही दूरी पर बरामद किया। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे इलाके में डर का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग उठाई है। क्षेत्रीय वन अधिकारी (एसडीओ) लक्की शाह ने बताया कि वन विभाग ने गांव में ट्रेंक्युलाइज टीम तैनात कर दी है और तीन पिंजरे लगा दिए हैं। जबकि वन कर्मी गश्त भी कर रहे हैं। वन विभाग ने पीड़ित परिवार को तत्काल राहत के तौर पर 30 प्रतिशत मुआवजा प्रदान कर दिया है।

## रमोला उक्रांद के महानगर अध्यक्ष बने

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) के चुनाव में प्रवीण रमोला महानगर अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी मीनाक्षी घिल्डियाल को 26 मतों से हराया। शनिवार को द्रोण चौक स्थित समीप दल के केंद्रीय कार्यालय में महानगर अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी बिहारी लाल जगूड़ी, महानगर चुनाव प्रभारी दीपक रावत, चुनाव पर्यवेक्षक प्रताप सिंह कुंवर की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। अध्यक्ष पद के लिए प्रवीण रमोला और मीनाक्षी ने ही नामांकन कराया। सुबह 11 बजे से मतदान शुरू हुआ। महानगर के कुल 91 सदस्यों में से 75 ने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर दो बजे तक मतदान हुआ। करीब तीन बजे चुनाव प्रभारी ने प्रवीण रमोला के अध्यक्ष बनने की घोषणा की। प्रवीण को 51 और मीनाक्षी को 24 मत प्राप्त हुए। प्रवीण के अध्यक्ष बनने पर दल के सदस्यों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। रमोला ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वो अपने कार्यकाल में देहरादून के सभी वार्डों में दल की कार्यकारिणी का गठन करेंगे। देहरादून में ही नहीं पूरे प्रदेश में संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। वो चाहते हैं देहरादून में उत्तराखंड क्रांति दल का बोर्ड बने। रमोला ने कहा कि वो संगठन की प्रगति के लिए काम करेंगे। उन्होंने महानगर के केंद्रीय पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि दल को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

# हिन्दी देश की एकता एवं अखंडता का आधार : धामी

## मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि हिन्दी हमारी सांस्कृतिक भावनाओं, आकांक्षाओं एवं आदर्शों का प्रतीक है। किसी भी देश की भाषा ही उसकी संस्कृति एवं परम्पराओं से जोड़ने में मददगार होती है। हिन्दी मात्र भाषा ही नहीं है, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति की भी पहचान है। हिन्दी देश की एकता एवं अखंडता का भी आधार है। यह हमारी परंपराओं और हमारी विरासत का बोध कराने वाला एक सतत अनुष्ठान भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी एक भाषा ही नहीं हमारे राष्ट्र की आत्मा भी है। हिंदी ने हमारे समाज को जोड़ा है और हमारी सभ्यता को समृद्ध किया है। विश्व पटल पर हिंदी ने हमें विशेष स्थान दिलाया है। हिंदी केवल हमारे लिए संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि हमारी अस्मिता, संस्कृति और भारतीयता का प्रतीक भी है। हिंदी ने विविधता से भरे हमारे समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया है। सहजता, सरलता और सामर्थ्य से परिपूर्ण हिंदी में समन्वय की अद्भुत क्षमता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हिंदी को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम में उनके द्वारा हिंदी का प्रयोग करने से हिंदी को वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के विभिन्न देशों में हिंदी का अध्ययन किया जा रहा है। हिंदी ने समाज में जागरूकता लाने में भी अहम भूमिका निभाई है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक हिंदी सामाजिक चेतना का भी प्रमुख माध्यम रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियांशु भाषण और आयेशा ने पोस्टर में मारी बाजी

चमोली : प्रौद्योगिकी संस्थान कोठियालसैंण में भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न शाखाओं के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रियांशु जोशी प्रथम, सपना द्वितीय तथा अनिकेत धीमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में आयशा नूर प्रथम, संध्या रावत द्वितीय तथा आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को संस्थान के निदेशक द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डीन छात्र कल्याण अरुण नेगी, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष वरुण प्रभाकर, अभिषेक अग्रवाल, मीनू चिनवान, वीरेंद्र सिंह, पंकज तिवारी, आशीष ध्यानी, रघुवीर भंडारी, मनीष नेगी आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को दी साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी

देहरादून। कोतवाली मसूरी पुलिस ने मसूरी के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर शहर में निवास कर रहे वरिष्ठ नागरिकों से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की व साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी। ऐसी घटना होने पर पुलिस को सूचना देने की बात कही' कोतवाली मसूरी पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। पुलिस टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के कुशल–क्षेम पूछते हुए उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या या आपात स्थिति में वे तत्काल कोतवाली मसूरी से संपर्क कर सकते हैं, जहां उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। वार्ता के दौरान पुलिस टीम ने वरिष्ठ नागरिकों को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्हें समझाया गया कि अज्ञात कॉल, लिंक अथवा संदिग्ध संदेशों पर विश्वास न करें। बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी ओटीपी, पासवर्ड, एटीएम पिन आदि किसी के साथ साझा न करें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल अथवा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर या डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट साइबर क्राइम डाट जीओवीडाट इन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। कोतवाली मसूरी पुलिस ने उन्हें पुलिस हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराए।

### भारतीय संस्कृति और सभ्यता की आत्मा है हिंदी : डा. पांडे

देहरादून। संस्कृत विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डा. सुधा रानी पांडे ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता की आत्मा है। हिंदी को अपनाना ही अपने अस्तित्व, अपनी संस्कृति और अपनी पहचान को सुरक्षित रखना है। वे शनिवार को ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में हिंदी भाषा सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। डा. सुधा रानी ने कहा कि आज के वैश्विक दौर में अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं का ज्ञान आवश्यक है लेकिन मातृभाषा से दूरी बनाना मानो अपने ही अस्तित्व से दूर जाना है, जो अपनी भाषा को भूलता है, वह अपनी पहचान खो देता है।इस अवसर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम के राज्यभाषा विभाग प्रमुख डा. सोमेश्वर पांडे ने कहा कि हिंदी आज विश्व मंच पर भारतीयता की आवाज बनकर उभर रही है। आज तकनीकी और डिजिटल युग में हिंदी का दायरा और भी व्यापक हो गया है। कार्यक्रम का आयोजन ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के काव्यांजलि क्लब ने किया। कार्यक्रम का संचालन काव्यांजलि क्लब के अध्यक्ष सक्षम पंत ने किया। इस अवसर पर डा. सुमन नैथानी, डा. ए. एस. शुक्ला के साथ अन्य शिक्षा–शिक्षिकाएं और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

### पेराई सत्र 2025–26 : गन्ना आपूर्ति और सट्टा नीति में पहली बार महिलाओं को प्राथमिकता

देहरादून। उत्तराखंड में पेराई सत्र 2025–26 के लिए गन्ना आपूर्ति और सट्टा नीति जारी हो गई है। सरकार ने पहली बार महिला किसानों को इसमें प्राथमिकता दी है। उन्हें गन्ना फसल की आपूर्ति में 20 प्रतिशत की प्राथमिकता पेराई सत्र शुरू होने के साथ दी जाएगी। गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा की पहल पर पहली बार पेराई सत्र 2025–26 में गन्ना आपूर्ति के लिए महिला किसानों को प्राथमिकता देने का फैसला लिया गया है। गन्ना आयुक्त त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने मौजूदा सत्र के लिए नीति की है। उन्होंने गन्ना किसानों के साथ पारदर्शिता और आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने बताया कि समय से पर्चा जारी करने के साथ ही गन्ना मूल्य का भुगतान करने के निर्देश सहायक गन्ना आयुक्तों और सभी चीनी मिल प्रबंधन को दिए हैं।

# रविन्द्र नेगी को मिली कोतवाली पौड़ी की जिम्मेदारी

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : पौड़ी जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 3 इंस्पेक्टर और 9 एसआई के तबादले कर दिये है। अभी तक पौड़ी कोतवाली की जिम्मेदारी संभाल रहे एसआई कमलेश शर्मा को साइबर सेल कोटद्वार की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि उनकी जगह इंस्पेक्टर रविंद्र नेगी को कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। एसएसपी कार्यालय में वाचक एवं एसआई अमरजीत सिंह को थाना देवप्रयाग का जिम्मा दिया गया है। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने तबादले करते हुए पुलिस लाइन पौड़ी से निरीक्षक सुरेंद्र सिंह राणा को प्रभारी एएनटीएफ/एएचटीयू भेजा गया है। पुलिस लाइन में तैनात महिला निरीक्षक प्रियंका भारद्वाज को एसएसपी कार्यालय में वाचक बनाया गया है। एफएसएल यूनिट श्रीनगर में तैनात महिला उप निरीक्षक लक्ष्मी सकलानी को महिला थानाध्यक्ष श्रीनगर की जिम्मेदारी दी गई है। कोटद्वार कोतवाली में प्रभारी रिपोर्टिंग पुलिस चौकी उपनिरीक्षक राजविक्रम सिंह पंवार को कोटद्वार कोतवाली में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात अनिल चौहान को कोटद्वार कोतवाली भेजा गया है। कोटद्वार कोतवाली में तैनात प्रमोद कुमार को एसएसपी ने प्रभारी रिपोर्टिंग पुलिस चौकी कोतवाली कोटद्वार की जिम्मेदारी सौंपी है। कोतवाली श्रीनगर में तैनात उपनिरीक्षक मुकेश भटट को प्रभारी रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बाजार श्रीनगर भेजा गया है। नैनीडांडा पुलिस चौकी में तैनात सैययूदल बहार को कोतवाली कोटद्वार में तैनात किया गया है। कोतवाली कोटद्वार से उपनिरीक्षक प्रकाश पोखरियाल को थाना धुमाकोट की नैनीडांडा रिपोर्टिंग पुलिस चौकी भेजा गया है।

## ऋषिकेश में हो कमर्शियल वाहनों की फिटनेस

देहरादून। उत्तराखंड टैक्सी मैक्सी महासंघ ने ऋषिकेश में बने ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन पर कॉमर्शियल वाहनों की फिटनेस शुरू करने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष सुंदर सिंह पंवार ने परिवहन सचिव को पत्र लिखकर कहा कि ऋषिकेश के कमर्शियल वाहन स्वामियों को फिटनेस करवाने के लिए वाहन डोईवाला भेजने पड़ रहे हैं, जिस कारण उनको भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। ऋषिकेश आरटीओ कार्यालय में फिटनेस नहीं हो रही है। उन्होंने ऋषिकेश में बने ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन को चालू करने की मांग की है। उन्होंने पर्यटन मंत्री के बयान की भी निंदा की। कहा कि पर्यटन मंत्री ने बाहरी राज्यों की ट्रेवल एजेंसियों से उत्तराखंड में दफ्तर खोलने की अपील की है, जो उचित नहीं है।

# प्रांतीय क्रीडा व बौद्धिक प्रतियोगिता का हुआ समापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**



कोटद्वारः आश्विन कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि विक्रम संवत 2082 को विद्या भारती से संबंध हेमन दास सरस्वती शिशु मंदिर जानकी नगर कोटद्वार में क्रीड़ा व बौद्धिक प्रतियोगिताओं का समापन हो गया। सर्वप्रथम कोटद्वार नगर निगम के महापौर शैलेंद्र रावत ने प्रतिभागियों को शपथ दिलाई । उसके पश्चात स्टेडियम में क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में देहरादून के आकाश ने प्रथम तथा हरिद्वार की जागृति ने बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मी दौड़ में बालक वर्ग में देहरादून के अवनीत तथा बालिका वर्ग में देहरादून की अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में पौड़ी की सिमरन ने बालिका वर्ग में तथा टिहरी के सोहेल ने बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो–खो में बालक व बालिका वर्ग में देहरादून विजेता रहा, जबकि कबड्डी में बालक वर्ग में देहरादून तथा बालिका वर्ग में पौड़ी विजेता बना। गीत में देहरादून की आराध्या ने तथा कला में मढ़ी चौरास की दृष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक प्रश्न मंच में हरिद्वार विजेता बना जबकि विज्ञान प्रश्न मंच में उत्तरकाशी ने बाजी मारी। अंताक्षरी में देहरादून विजेता बना। कथा कथन में चिन्यालीसौड़ की अक्षिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रांतीय शारीरिक प्रमुख युद्धवीर, सह शारीरिक प्रमुख मोहन सिंह कुमाई, संभागीय क्रीडा प्रमुख प्रहलाद किशोर नौटियाल, धर्मेंद्र, दयाल सिंह के नेतृत्व में क्रीड़ा प्रतियोगिता तथा राकेश बहुगुणा, भगवान सिंह, के नेतृत्व में बौद्धिक प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। समापन के अवसर पर यमकेश्वर की विधायक रेणु बिष्ट ने पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि सबसे बड़ा मंदिर विद्या का मंदिर होता है और विद्याओं में भी सबसे बड़ा मंदिर शिशु मंदिर है। शिशु मंदिर के छात्र हर जगह अपने विद्यालय का नाम रोशन करते हैं अतः आप भी अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। अंत में उत्तराखंड के प्रदेश निरीक्षक विनोद रावत ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजक व विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संभागों के संभाग निरीक्षक, जिला निरीक्षक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# कालसी ब्लाक के ग्राम उटैल—बैसोगिलानी में 15 सितंबर को होगा बहुउद्देशीय शिविर आयोजित

देहरादून। जन सुविधाओं को बेहतर बनाने और उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण हेतु जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार, 15 सितंबर,2025 को विकासखंड कालसी स्थित ग्राम उटैल के बैसोगिलानी स्थान के पास मैदान (जो कि कालसी से बैराटखाई मार्ग पर लगभग 19 किमी दूरी पर स्थित है) में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि बहुउद्देशीय शिविर में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर जन समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाएगा और विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुसार यह शिविर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के स्टॉल्स के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शिविर में पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करें और जनता को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाए। सभी विभाग आवेदन फॉर्म और योजनाओं की पूर्ण जानकारी के साथ स्वयं शिविर में उपस्थित रहे। बहुउद्देशीय शिविर में समाज कल्याण, महिला कल्याण एवं प्रोबेशन विभाग द्वारा वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान व परित्यक्ता पेंशन प्रकरणों सत्यापन के साथ छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, शादी अनुदान फार्म भरवाए जाएंगे। डीडीआरसी के माध्यम से दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण, उपचार, दिव्यांग एवं कृत्रिम अंगों का वितरण किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में दो स्तरीय व्यवस्था रहेगी। पहला सामान्य जांच शिविर का आयोजन और दूसरा विभिन्न प्रकार के दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑफलाइन बनाने के उपरांत बाद में ऑनलाइन करने हेतु एसडीएम को दिए जाएंगे। आरबीएस की टीम कुपोषित बच्चों का सर्वे कर उपचार प्रदान करेगा। शिविर में नशा मुक्ति काउंसलिंग, पोषण, परिवार कल्याण, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच व औषधि वितरण किया जाएगा। अटल आयुष्मान कार्ड के लिए पृथक सीएचसी संचालित कर कैंप में ही आवेदकों को कार्ड निर्गत किए जाएंगे। शिविर में नेत्र परीक्षण व चश्में भी वितरित किए जाएंगे। आईसीडीएस विभाग द्वारा कुपोषित शिशु, किशोरियों, महिलाओं का चिन्हीकरण कर पोषाहार उपलब्ध कराया जाएगा। नंदा गौरा, पीएम मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट, किशोरी किट के फॉर्म भरे जाएंगे। ग्राम्य विकास द्वारा मनरेगा कार्य की मांग, जॉबकार्ड, भुगतान संबधी प्रकरणों का निराकरण, पीएमएवाई आवास के आवेदन, एनआरएलएम व रीप में नए सदस्यों को जोड़ना और समूहों को सीसीएल के प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

## जॉर्ज एवरेस्ट भूमि मामले में कांग्रेस ने खोला मोर्चा

देहरादून। मसूरी के जॉर्ज एवरेस्ट भूमि मामले में कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस मामले में पार्टी ने आक्रामक रुख अपनाते हुए रविवार को प्रदेशव्यापी पुतला दहन का कार्यक्रम घोषित किया है। पार्टी ने पूरे मामले हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि यह घोटाला प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला साबित होगा, जिसमें मसूरी स्थित जॉर्ज एवरेस्ट की 142 एकड़ बेशकीमती जमीन एक कंपनी को कौड़ियों के भाव मात्र एक करोड़ रुपये के किराए पर 15 साल की लीज पर दे दी। धस्माना ने कहा कि भूमि के आवंटन के लिए अपनाई गई निविदा प्रक्रिया पूर्ण रूप से गलत है और इस निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाली तीनों कंपनियां एक ही व्यक्ति की ही हैं, जो सीधा सीधा निविदा शर्तों का उल्लंघन है। धस्माना ने कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस व्यापक जन आंदोलन चलाएगी और इसके पहले चरण में प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश सरकार का पुतला दहन करेगी।

# भर्ती परीक्षा समर्थक शिक्षक संभालेंगे प्रधानाचार्य का प्रभार

देहरादून। भर्ती परीक्षा समर्थक शिक्षकों ने राजकीय शिक्षक संघ के आंदोलन की वजह से अटके कामों की जिम्मेदारी लेने का फैसला लिया है। वह प्रधानाचार्यों का प्रभार लेने के साथ ही अंक सुधार मूल्यांकन और छात्रवृत्ति परीक्षा करवाने की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े प्रधानाचार्य विभागीय भर्ती परीक्षा के समर्थक शिक्षकों ने ऑनलाइन बैठक कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। बैठक में फैसला लिया गया कि राजकीय शिक्षक संघ के दबाव में जिन स्कूलों के प्रभारी प्रधानाचार्यों ने प्रभार छोड़ दिया है, उन स्कूलों में भर्ती समर्थक शिक्षक प्रभार संभालेंगे। 16 सितंबर को होने वाली मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा करवाने की भी हामी इन शिक्षकों ने भरी है। साथ ही उत्तराखंड बोर्ड के सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर उन्हें अंक सुधार मूल्यांकन कार्य में लगाने की गुजारिश की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश पांडे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रांतीय संयोजक बृजेश पंवार, डॉ.कमलेश मिश्रा, अनिल राणा, अतुल वर्मा, अमिता सिंह, बचन जितेला ,भूपेंद्र सिंह, चंद्र सिंह चिराल, जवाहर सिंह रावत, कमलेश सिंह धपोला, नवीन उपाध्याय, प्रीतम सिंह नेगी, विभा थपलियाल, राहुल महर, राजीव मिश्रा, राकेश ध्यानी, राम नारायण नौटियाल, सतीश मौर्य, शंकर डबराल, बृजपाल रावत, गोविंद सिंह चौहान, हरिमोहन सिंह रावत, नरेंद्र सिंह बिष्ट, धीरेंद्र भंडारी, उपेंद्र भंडारी, जनक सिंह रावत, विनीता बहुगुणा, द्वारिका पुरोहित समेत अन्य मौजूद रहे।

# स्ट्रीट फूड वेंडर्स को दिया प्रशिक्षण



हरिद्वार। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड की ओर से मायापुर क्षेत्र के टाउन हॉल में स्ट्रीट फूड वेंडरों को फूड सेफ्टी की जानकारी दी गई। ट्रेनर सौरभ रोहिला ने पीएम स्वनिधि योजना, डिजिटल पेमेंट्स, अतिथि सत्कार, अनाज के उपयोग का प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही स्थानीय व्यवसायियों को व्यावसायिक दक्षता, सुरक्षा और साफ–सफाई के उच्च मानकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से स्ट्रीट फूड वेंडर्स को अपने व्यवसाय में सुधार, आधुनिक तकनीकों को अपनाने तथा उच्च मानकों की स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखने में मदद मिलेगी।

कहा कि प्रदेश के स्ट्रीट फूड वेंडर्स को सशक्त और सुरक्षित व्यवसायिक अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को खाद्य सुरक्षा का प्रशिक्षण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस दौरान सुरेश चंद भट्ट, साक्ष्य, सुनीता, बाबूराम, सुनील सिंह, लक्ष्मी, बबली, रेखा, आरती मेहता, ऋतु चौरसिया, सतीश चंद्र, रमेश कुमार, ममता, रजनी, नेहा, राकेश कुमार, सुनील कुमार, आशा रानी, मधु, गीता आदि उपस्थित रहे।

## नंदा देवी महोत्सव में ताल चैनल हैक करने के मामले में मुकदमा दर्ज

नैनीताल। नैनीताल में नंदा देवी महोत्सव कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के दौरान ताल चैनल की स्क्रीन पर देशविरोधी नारे प्रसारित होने की घटना सामने आई थी। घटना के बाद चैनल प्रबंधन ने प्रसारण तत्काल रोक दिया और मामले की सूचना पुलिस को दी। ताल चैनल के प्रबंध निदेशक मारुति नंदन साह ने बताया कि प्रसारण के दौरान अचानक स्क्रीन पर देशविरोधी स्लोगन लिखा हुआ दिखाई दिया। जानकारी मिलते ही चैनल को बंद कर दिया गया। बाद में जांच में सामने आया कि चैनल को आईपी एड्रेस के माध्यम से हैक किया गया था। सुरक्षा फीचर्स अपग्रेड करने के बाद करीब डेढ़ दिन बाद चैनल का प्रसारण पुनः शुरू किया गया।

# जंगल में बन रही कच्ची शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

रुद्रपुर। जंगल की आड़ में अवैध शराब बनने की घटनाओं पर आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त उत्तराखंड के निर्देश पर सहायक टीम ने रायपुर इलाके को संदिग्ध गतिविधियों के चलते चिह्नित किया हुआ था।

शनिवार को टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 1,500 किलो लाहन नष्ट किया। साथ ही 90 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण जब्त किए। अभियान के तहत संयुक्त आबकारी आयुक्त कुमाऊं मंडल के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने ग्राम रायपुर के जंगल में तलाशी ली। इस दौरान छह शराब भट्ठियां काम की स्थिति में पाई गईं, जिन्हें मौके पर ही ध्वस्त कर दिया गया। टीम ने 350



पाउच कच्ची शराब (कुल 90 लीटर शराब) एक 30 लीटर ड्रम और लगभग 1,500 किलो लाहन नष्ट किया। साथ ही शराब बनाने में प्रयुक्त तमाम उपकरण और सामग्री जब्त की। आबकारी निरीक्षक बृजेश नारायण जोशी ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक बृजेश नारायण जोशी, महेंद्र सिंह बिष्ट, लालू राम, उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार, जगदीश कुमार और विभागीय सिपाही शामिल रहे।

# प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण होना चाहिए : महाराज

देहरादून। हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप कार्य करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पर्यटन क्षेत्र के सतत विकास और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि विकास प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण हो और स्थानीय समुदाय इसका प्रत्यक्ष लाभ उठा सकें।

उक्त बात प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को यशोभूमि (आईआईसीसी), द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित आईसीआरटी भारतीय उपमहाद्वीप जिम्मेदार पर्यटन पुरस्कार–2025 एवं बीएलटीएम व्यापार शो में प्रतिभाग करते हुए अपने संबोधन में कही। कार्यक्रम के आयोजकों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि हम सब मिलकर आज आईसीआरटी भारतीय




उपमहाद्वीप जिम्मेदार पर्यटन पुरस्कार 2025 के विजेताओं का सम्मान कर रहे हैं। आज का यह अवसर केवल पुरस्कार वितरण का अवसर नहीं है, बल्कि यह हम सभी के लिए एक प्रेरणा है कि पर्यटन किस प्रकार जिम्मेदार, सतत और समावेशी विकास का माध्यम बन सकता है। महाराज ने कहा कि उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड को भी इस सम्मान सूची में शामिल किया गया है, यह हमारे लिए केवल गर्व का ही विषय नहीं है बल्कि हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। यह मान्यता दर्शाती है कि हमारी नीतियाँ और पहलेंद्दचाहे वह ग्रामीण पर्यटन हो, होम–स्टे योजना हो, या पर्यावरण संरक्षण आधारित नीतियाँ। हम सब मिलकर एक सतत पर्यटन मॉडल तैयार कर रहे हैं। हमारी सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप कार्य करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पर्यटन क्षेत्र के सतत विकास और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

हमारा प्रयास है कि विकास प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण हो, और स्थानीय समुदाय इसका प्रत्यक्ष लाभ उठा सकें। इस अवसर पर मैं विशेष रूप से उन सभी संगठनों, उद्यमियों और समुदायों को बधाई देना चाहता हूँ जिन्हें इस वर्ष की मान्यता सूची में स्थान मिला है। आप सबके प्रयास हमें यह दिखाते हैं कि पर्यटन का सही अर्थ केवल यात्रियों की सुविधा नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण की जिम्मेदारी भी है।

# लोक अदालत में 130 अधिक मामलों का निस्ताराण

बागेश्वर। जिला न्यायालय तथा बाह्य न्यायालयों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई। इसमें 130 से अधिक मामलों का निस्तारण किया गया। जबकि 65 लाख रुपये से अधिक का समझौता हुआ। यह शिविर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों पर लगाया गया। शनिवार को आयोजित लोक अदालत में सैकड़ों प्रकरणों का आपसी समझौते से निस्तारण किया। इस दौरान कुल 65 लाख 27 हजार 779 रुपये का समझौता हुआ।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज तोमर की अध्यक्षता में 138 एनआई एक्ट, एमएसीटी और वैवाहिक वादों से संबंधित चार प्रकरणों का निस्तारण किया। इन मामलों में 12,68,500 रुपये का समझौता हुआ। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप कुमार तिवारी की बेंच में 138 एनआई एक्ट, फौजदारी के शमनीय वाद, पारिवारिक वाद तथा मोटर वाहन अधिनियम से जुड़े 79 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। इनमें कुल 24,12,470 रुपये का समझौता किया। सिविल जज (जूडि.) पुनीत कुमार की बेंच में मोटर वाहन अधिनियम एवं अन्य वादों से संबंधित पांच प्रकरणों का निस्तारण हुआ। इसमें कुल 2,47,500 का समझौता हुआ। इसके अलावा बैंक से जुड़े 30 प्री–लिटिगेशन मामलों, पारिवारिक प्री–लिटिगेशन का एक मामला और वन विभाग से जुड़े आठ मामलों का भी निस्तारण किया गया। इन मामलों में कुल 24,09,129 रुपये का समझौता हुआ।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com